

उत्तरप्रदेश,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

## वक्फ कानून पर तत्काल रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

# केंद्र सरकार से पूछा: क्या हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में मुस्लिमों को जगह देंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के कहने पर देशभर में मुसलमान 11 अप्रैल से वक्फ कानून का विरोध कर रहे हैं। केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दो घंटे सुनवाई हुई। इस कानून के खिलाफ 100 से ज्यादा याचिकाएं लगाई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन पर केंद्र से जवाब मांगा है, लेकिन कोर्ट ने कानून के लागू होने पर तत्काल रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता जताई। इस पर स्त्र ने कहा कि ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव डालने के लिए किया



जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि हम इस पर फैसला करेंगे। सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ कानून के तहत बोर्ड में अब हिंदुओं को भी शामिल किया जाएगा। यह अधिकारों का हनन है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार है। हिंदुओं के दान कानून के मुताबिक, कोई भी बाहरी बोर्ड का हिस्सा नहीं हो सकता है।

सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (SG) तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट अब गुरुवार 2 बजे सुनवाई करेगा। सुनवाई में अपीलकर्ताओं ने वक्फ बोर्ड बनाने, पुरानी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन, बोर्ड मेंबर्स में गैर-मुस्लिम और विवादों के निपटारों को लेकर मुख्य दलीलें दीं।

## केजरीवाल और भगवंत मान के खिलाफ भी दर्ज होनी चाहिए एफआईआर : परगट सिंह

**मोहाली,एजेंसी।** पंजाब में कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला गरमा गया है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक परगट सिंह ने एफआईआर पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की एफआईआर तो केजरीवाल और भगवंत मान पर भी होनी चाहिए।

कांग्रेस विधायक परगट सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, जिस तरह से प्रताप सिंह बाजवा पर एफआईआर की गई है, इस तरीके की 100 एफआईआर भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल पर होनी चाहिए, क्योंकि उनकी तरफ से भी गलत जानकारियां दी गई हैं।

दिल्ली चुनाव के दौरान उन्होंने कहा था कि हमारे पानी में जहर घोल दिया गया है। जब चुनाव आयोग ने इस मामले पर नोटिस जारी किया तो उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी।

## सीएम ममता बनर्जी से मिले इमाम, किया दावा : बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ कानून

**कोलकाता ,एजेंसी।** कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यभर से आए इमामों संग अहम बैठक की। बातचीत के केंद्र में वक्फ कानून समेत मुर्शिदाबाद, मालदा और भानगढ़ में हुई हिंसक घटनाएं थीं। बैठक में शामिल इमामों ने आईएएनएस से बात की। ऑल इंडिया इमाम मुअज्जिन एंड सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के जनरल सेक्रेटरी मौलाना अब्दुल रज्जाक ने ममता बनर्जी पर भरोसा जताते हुए कहा कि वक्फ संशोधन कानून को बंगाल में लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कानून मुस्लिम समुदाय की जमीन और हक को छीनने वाला है और इसे ममता बनर्जी ही रोक सकती हैं। उन्होंने मुर्शिदाबाद और मालदा में हुई हिंसा को बाहरी लोगों की साजिश बताया और कहा



कि इस्लाम हिंसा को नहीं मानता। इमामों संग बैठक को लेकर वाइस प्रेसिडेंट मुफ्ती शहजुल इस्लाम ने कहा, आज की बैठक पहले से तय थी और पूरे राज्य के इमाम इसमें शामिल हुए। उन्होंने अपील की कि विरोध शांतिपूर्ण तरीके से हो और किसी को भी उकसाने का मौका न दिया जाए। उन्होंने ममता बनर्जी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जैसे एनआरसी के खिलाफ बंगाल ने स्टैंड लिया, वैसे ही इस कानून के खिलाफ भी स्टैंड लिया जाए।

इमाम संगठन के सदस्य मौलाना एजाज ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल को रात के अंधेरे में पास किया गया और अब उसे कानून बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के दौरान जो हिंसा हुई, वह पूर्व-नियोजित थी। उन्होंने कहा, ना हिंदू ने किया, ना मुसलमान ने किया, यह दंगाइयों का काम है जिनका कोई धर्म नहीं होता।

## संक्षिप्त समाचार



### जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई होंगे अगले सीजेआई, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की लेंगे जगह

**नई दिल्ली,एजेंसी।** वर्तमान मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने बुधवार को केंद्रीय कानून मंत्रालय को न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को अगला सीजेआई नियुक्त करने की सिफारिश भेजी है। न्यायमूर्ति गवई वर्तमान सीजेआई के बाद उच्चतम न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और वह आगामी 14 मई को देश के 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। सीजेआई खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस गवई को पद की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ के 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायमूर्ति खन्ना ने नवंबर 2024 में मुख्य न्यायाधीश का पदभार संभाला था।

### सिलक्यारा टनल आस्था और समर्पण की शक्ति का जीवंत उदाहरण : सीएम धामी

**देहरादून ,एजेंसी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को सिलक्यारा सुरंग के ब्रेकथ्रू कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में निर्माण के दौरान 41 श्रमिक 17 दिनों तक सिलक्यारा सुरंग में फंस गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

## गुरुग्राम लैंड स्कैम, रॉबर्ट वाड्रा से 2 घंटे पूछताछ

### ईडी ने कल फिर बुलाया; वेटिंग रूम में बैठी रहीं सांसद प्रियंका गांधी

**चंडीगढ,एजेंसी।** गुरुग्राम लैंड स्कैम केस में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से लगातार दूसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने 2 घंटे पूछताछ की। ED ने उन्हें कल फिर से पूछताछ के लिए बुलाया है। पूछताछ के बाद वाड्रा ने कहा कि वे मुझसे बहुत प्यार करते हैं। वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद ED ऑफिस पहुंचे थे। उनके साथ प्रियंका गांधी भी थीं। वह पूछताछ तक वेटिंग रूम



में बैठी रहीं। इससे पहले मंगलवार को भी ED ने वाड्रा से करीब 6 घंटे पूछताछ की थी। वाड्रा पूछताछ के लिए पैदल ही दफ्तर पहुंचे थे। बुधवार को पेशी से पहले वाड्रा ने कहा, मैं कभी भी अपने आपको सॉफ्ट टारगेट नहीं बुलाऊंगा। आप (केंद्र सरकार) मुझे परेशान करोगे या कोई प्रेशर डालोगे तो मैं और उभरकर आऊंगा, स्ट्रॉन्ग बनूंगा। हम लोगों की बात रखते हैं, इसलिए टारगेट पर हैं। हम किसी से डरते नहीं हैं। हम हमेशा लोगों के लिए लड़ते रहेंगे। संसद में चाहे राहुल गांधी को रोका जाए या मुझे बाहर रोका जाए, हम सच्चाई और लोगों के लिए लड़ते रहेंगे। हम टारगेट जरूर हैं, पर सॉफ्ट टारगेट नहीं हैं। हम हार्ड टारगेट हैं, और हार्डर (मजबूत) बनते रहेंगे।

## सोनिया-राहुल गांधी और सैम पित्रोदा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, कांग्रेस कार्यकर्ताओं का ईडी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और ओवरसीज कांग्रेस प्रमुख सैम पित्रोदा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

इस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया है।




कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। पार्टी ने इसके विरोध में देशभर में आंदोलन का ऐलान किया है। राज्य मुख्यालयों में ईडी कार्यालयों के बाहर और जिलों में केंद्र सरकार के दफ्तरों के सामने विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह कार्रवाई लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। पार्टी ने इसे 'राजनीतिक प्रतिशोध' की संज्ञा दी है।

## लोगों को जोड़ने वाली कर्म की राजनीति से ही सभी की भलाई संभव : मायावती

**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में दोनों राज्यों में पार्टी संगठन की समीक्षा की गई। बैठक में बसपा प्रमुख मायावती ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार सर्वसमाज के करोड़ों गरीब बहुजनों के समुचित हित, कल्याण एवं विकास के हिसाब से कार्य न करके, सपा




सरकार की तरह ही, केवल कुछ क्षेत्र व समूह विशेष के लोगों के लिए ही समर्पित है और वैसा ही दिखना भी चाहती है, जिससे यूपी का बहु-अपेक्षित व अति-प्रतीक्षित विकास प्रभावित हो रहा है। जबकि, बसपा की सभी चारों सरकारों में सर्वसमाज को न्याय दिलाने और विकास में उचित भागीदार बनाने के साथ-साथ कानून द्वारा कानून का राज सख्ती से स्थापित करके खासकर करोड़ों दलितों, पिछड़ों, महिलाओं, किसानों और बेरोजगारों आदि अन्य उपेक्षितों के हितों की रक्षा, सुरक्षा व उन्हें न्याय दिलाने पर विशेष बल दिया गया था, जिससे यहां हर तरफ अमन चैन का माहौल था।

इसलिए यूपी और उत्तराखंड भाजपा सरकार को भी धर्म को कर्म के बजाय कर्म को धर्म मानकर कार्य करने का सही संवैधानिक दायित्व निभाना जरूरी है, जिसमें ही जन व देशहित पूरी तरह से निहित है।

## राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस, सीएम भजनलाल शर्मा ने खोला पिटारा, की 5 बड़ी घोषणाएं

**जयपुर ,एजेंसी।** राजस्थान पुलिस के 76वें स्थापना दिवस पर राजस्थान पुलिस एकेडमी (आरपीए) में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 5 बड़ी घोषणाएं की। वर्दी भत्ता से लेकर मेस भत्ता बढ़ाने का ऐलान किया। सीएम ने पुलिस बल को संबोधित करते हुए कहा कि वर्दी भत्ता 7 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए और मेस भत्ता 2400 से बढ़ाकर 2700 रुपए किया गया। इसके अलावा, रोडवेज की एक्सप्रेस बसों के साथ-साथ सेमी डीलक्स बसों में भी निशुल्क यात्रा का लाभ पुलिसकर्मी ले पाएंगे। सीएम ने आगे कहा कि 200 करोड़ रुपये का पुलिस मॉडर्नाइजेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड गठित किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने पुलिस विभाग एवं कारागार विभाग में कार्यरत लांगुरिया के मानदेय में 10 फीसदी वृद्धि का भी ऐलान किया। मुख्यमंत्री भजन लाल ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान में पुलिस आधुनिकीकरण और आधारभूत संरचना को मजबूत



करने के लिए 200 करोड़ रुपये का पुलिस मॉडर्नाइजेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड गठित किया जाएगा। कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस में 10 हजार पदों पर भर्ती की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति सुधारने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए 5,500 नए पदों का सृजन किया गया है, साथ ही इस वर्ष 3,500 अतिरिक्त पद सृजित करने का प्रस्ताव है।

## प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में बड़ा कदमः

## यूपी बोर्ड का होगा पुनर्गठन, हर जिले में बनेगा कार्यालय

**लखनऊ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए इसके पुनर्गठन की आवश्यकता जताई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' मंत्र के अनुरूप बोर्ड की कार्यप्रणाली को समयानुकूल ढंग से सशक्त और आधुनिक बनाने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1995 में गठित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गतिविधियों और कार्यक्षेत्र में समय के साथ व्यापक विस्तार हुआ है, जिसके दृष्टिगत इसके पुनर्गठन की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में



बोर्ड के कार्यालय स्थापित किए जाएं, ताकि स्थानीय स्तर पर पर्यावरणीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके।वर्तमान में राज्य में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 28 क्षेत्रीय कार्यालय कार्यरत हैं, जिन्हें 18 मण्डलों के अनुरूप पुनर्गठित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिन मण्डलों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय भी बनाए जा सकते हैं।बैठक में मुख्यमंत्री ने पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान के लिए बोर्ड के अंतर्गत विशेष सेल्स के गठन का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने निर्देश दिए कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, तरल अपशिष्ट प्रबंधन, हैजार्डस वेस्ट, ई-वेस्ट तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के लिए अलग-अलग सेल गठित किए जाएं।

## पूरी दुनिया समझ रही है सनातन संस्कृति को : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## हर ब्लॉक में वृंदावन गांव बनाए जाएंगे

### दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश को देश में प्रथम बनाएंगे

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज पूरी दुनिया सनातन संस्कृति को अब बेहतर तरीके से समझ रही है। उन्होंने कहा कि हर ब्लॉक में एक वृंदावन गांव बनाया जाएगा और दुग्ध उत्पादन में प्रदेश को देश में नंबर वन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंदसौर में सोमयज्ञ में सम्मिलित हुए और यज्ञ में आहुति देने के साथ संतों का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूजा-अर्चना की तथा सुख, शांति, समृद्धि कामना की। मुख्यमंत्री ने



मंच से संत जनों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। पवित्र नगरी मंदसौर को नशा मुक्त करने पर 160 समाजों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। इस दौरान सर्वाध्यक्ष पू.पा. डॉ. आचार्य गोस्वामी श्री गोकुलोत्सवजी महाराज, जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, वल्लभ मूल के आचार्यगण, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक सर्वश्री चंदर सिंह सिसोदिया, ओम प्रकाश सखलेचा, माधव मारू, दिलीप सिंह परिहार और श्री राजेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज हम सब सोमयज्ञ का हिस्सा बने है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस यज्ञ का विशेष महत्व है। पूरी दुनिया सनातन संस्कृति को समझ रही है। सनातन संस्कृति की अपनी अलग विशेषता रही है। दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में वर्तमान में 9त्र दूध उत्पादन होता है जिसको बढ़कर 20त्र किया जाएगा। दूध उत्पादन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान पर लाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर ब्लॉक में वृंदावन गांव बनाए जाएंगे। दूध का उत्पादन बढ़ाने के विशेष प्रयास किये जाएंगे। गांव की गौशाला अच्छे से संचालित हो इसके लिए प्रयास होंगे।

# आगरा में योगी सरकार ने एक वर्ष में 1408 बेटियों का किया कन्यादान

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से गरीब, असहाय, जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की सम्मान पूर्वक हो रही शादी

### जाति- धर्म से ऊपर उठकर सामाजिक दायित्वों की मिसाल पेश कर रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** योगी सरकार के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों कन्यादान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बीते एक साल में जनपद आगरा में 1408 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिसमें एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और सामान्य श्रेणी की बेटियां शामिल है। इस दौरान जिले के आला अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण आदि विवाह के साक्षी बने। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद आगरा में 1408 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी जीआर प्रजापति ने बताया कि जनपद आगरा में वर्ष 2024- 25 में कुल 1408 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। जिनमें एससी 581, ओबीसी 764, सामान्य 79 और अल्पसंख्यक समाज के 14 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या का विवाह भी धूमधाम से हो। परिवार के सामने शादी के आयोजन को लेकर दिक्कत न आए। इसलिए सरकार द्वारा प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की योजना संचालित है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रतिवर्ष हजारों शादियां शासन/प्रशासन के खर्च पर हो रही है। एक तरफ वैदिक मंत्र गूंजते हैं तो दूसरी तरफ निकाह पढ़ा जाता है। हर आयोजन अपने आप में सामाजिक समरसता का नया अध्याय रचता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जाति- धर्म से ऊपर उठकर सामाजिक दायित्वों की मिसाल पेश कर रही है। सरकार इस योजना से निराश्रित, निर्धन और जरूरतमंद बेटियों को लाभ दिला रही है। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा सभी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री और दिव्यांग कन्या को प्राथमिकता दी जाती है। इसके अलावा इस योजना का लाभ प्रदेश के उन सभी परिवारों को मिलेगा, जिनकी वार्षिक आय दो लाख रुपये तक हो। कन्या की आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में दांपत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए कन्या के खाते में 35,000 रुपये की सहायता राशि भेजी जाती है। विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कपड़े, बिछिया, पायल, बर्तन आदि पर 10 हजार रुपए तथा विधवा, परित्यक्ता या तलाकशुदा के मामले में 5,000 रुपए तक की वैवाहिक सामग्री विवाह के समय ही प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा विवाह की समस्त व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप किए जाने हेतु 6,000 रुपए प्रति जोड़ा व्यय निर्धारित है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के अंतर्गत बीते 8 वर्षों में 4,76,207 गरीब कन्याओं के विवाह संपन्न हो चुके हैं, जिससे हजारों परिवारों को राहत मिली है। यह योजना उन गरीब और वंचित परिवारों के लिए संजीवनी बन चुकी है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी धूमधाम से नहीं कर पाते हैं।

# खंदौली में अपहरण कर मंदबुद्धि दलित महिला के साथ दुष्कर्म

### गांव से उठाकर यमुना किनारे जंगल में दिया घटना को अंजाम, दो आरोपी मौके से गिरफ्तार




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** महिला सुरक्षा को लेकर सरकार समय-समय पर जगह-जगह पुलिस के माध्यम से अभियान चलाकर जागरूक करने में लगी हुई है, लेकिन दुष्कर्म की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। हर रोज कहीं ना कहीं महिलाओं के साथ घटना को अंजाम दिया जा रहा है। धर्म नगरी से लेकर कर्म नगरी तक ऐसी घटनाएं देखने को मिल रही है। पिछले दिनों धर्म नगरी में एक युवती के साथ दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया उसके बाद कासगंज जिले में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने महिला के मंगेतर के सामने ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया लगातार घटनाएं देखने को मिल रही है। अब तक नगरी में दलित मंदबुद्धि महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है। आगे की कार्रवाई में पुलिस लगी हुई है। मामला थाना खंदौली क्षेत्र का है मंदबुद्ध महिला को गांव से अपहरण कर उसे यमुना किनारे जंगल में ले गए उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया सूचना पर पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए मौके से ही दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है पुलिस जांच में जुटी है कि इन दो आरोपियों के साथ-साथ अन्य आरोपी तो इस घटना में शामिल नहीं है तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क किनारे शराब बेचने युवक का वीडियो वायरल ठेका बंद होने के बाद आरोपी बोरी में भरकर लाया, पुलिस ने किया गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** सड़क किनारे अवैध रूप से शराब बेचने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक बोरे में रखकर शराब के क्वार्टर, बोतल और बीयर के केन रखे हुए था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि युवक शराब के एक ठेके पर काम करता है। का चौंकाने वाला एक मामला सामने आया है, जहां एक युवक सार्वजनिक स्थान पर बोरी से अवैध शराब बेचता नजर आया। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और युवक को गिरफ्तार कर लिया। थाना बासौनी क्षेत्र के हरलालपुरा चौराहे पर युवक खुलेआम सड़क किनारे बोरी में शराब के क्वार्टर बोतल रखकर ग्राहकों को बेच रहा है। आसपास खड़े लोग उससे शराब खरीदते भी नजर आ रहे हैं। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। थाना बासौनी की टीम ने प्रदीप कुमार (चुन्नीलाल का पुरा, बासौनी) को हिरासत में लिया है।बताया जा रहा है कि यह युवक शराब के एक ठेके पर काम करता है। रात 10 बजे के बाद शराब के ठेके बंद होने के बाद यह युवक शराब बेच रहा था। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि यह युवक शराब के क्वार्टर और बोतल और बीयर के केन लाया कहां से था।

**युवक के खिलाफ मुकदमा, पुलिस जांच में जुटी**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह शराब कहां से लाता था और उसके पीछे कोई बड़ा गिरोह तो नहीं है। पुलिस का कहना है कि मामले की तह तक जाकर अवैध शराब की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# 11828.75 लाख रूपये की धनराशि से होगा ताज नगरी के धार्मिक और पर्यटक स्थलों का जीर्णोद्धार - जयवीर सिंह

### आगरा में देशी-विदेशी सैलानियों के भारी संख्या में आगमन को देखते हुए पर्यटन विकास की सुविधाओं को तेजी से लागू किया जा रहा-जयवीर सिंह


सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूरे प्रदेश में पर्यटन विकास की परियोजनायें तथा अवस्थापना संबंधी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगभग सभी जनपदों में पर्यटन विकास की योजनायें स्वीकृत की जा रही हैं। साथ ही उन परियोजनाओं के सापेक्ष धनराशि भी जारी की जा रही है। इसी क्रम में ताज नगरी आगरा के पर्यटन विकास के लिए 11828.75 लाख रूपये की 13 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गयी है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद आगरा में तीन यूनेस्को साइट के अलावा विभिन्न पर्यटन स्थल, दर्शनीय स्थल, प्राचीन मंदिर है। इन स्थानों के दर्शनार्थ वर्षभर देशी-विदेशी पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है। विश्व प्रसिद्ध ताजमहल को देखने दुनियाभर से लोग आते हैं। हर साल पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है, इसको दृष्टिगत रखते हुए पर्यटक स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 को विदेशी पर्यटकों के मामलों में भी पहले स्थान पर स्थापित करना है। श्री जयवीर सिंह ने बताया कि डा0 धर्मपाल सिंह मा0 विधायक के प्रस्ताव पर खेड़ी में धाकम माता मंदिर के पर्यटन विकास हेतु 88.30 लाख रूपये, आगरा में कैलाश मंदिर का पर्यटन विकास कार्य हेतु 1526.24 लाख रूपये, पर्यटन कार्यालय के प्रस्ताव पर आगरा के प्रमुख पर्यटन स्थलों, मंदिरों, स्मारकों पर साइनेज की स्थापना हेतु 205.62 लाख रूपये तथा विकासखंड बाह ग्राम पंचायत होलीपुरा स्थित साइनेज की स्थापना हेतु 12.48 लाख रूपये, इसी प्रकार श्री योगेन्द्र उपाध्याय मा0 विधायक के प्रस्ताव पर दरियानाथ मंदिर परिसर का पर्यटन विकास के लिए 106.66 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटन कार्यालय आगरा द्वारा बटेश्वर में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मस्थली पर स्मारक निर्माण के लिए 2276.73 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसी तरह श्री पुरूषोत्तम खंडेलवाल विधायक के प्रस्ताव पर आईटीआई के निकट बलकेश्वर मंदिर के पर्यटन विकास हेतु 147.89 लाख रूपये, डा0 जी0एस0 धर्मेश मा0 विधायक के प्रस्ताव पर शहीद पार्क दशरथ कुंज मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 95.11 लाख रूपये, श्री छोटेलाल वर्मा मा0 विधायक के प्रस्ताव पर शिव मंदिर का पर्यटन विकास के लिए 88 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। श्रीमती पक्षालिका सिंह विधायक के अनुरोध पर प्राचीन शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 72.60 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। बटेश्वर का समेकित पर्यटन विकास हेतु 7150.84 लाख रूपये, जिलाधिकारी आगरा के प्रस्ताव पर बादशाही बाग में प्रवेश द्वार के सौन्दर्यीकरण हेतु 49.92 लाख रूपये तथा आगरा में कोषागार परिसर में कलेक्ट्रेट बार के समीप अति प्राचीन हनुमान मंदिर के सौन्दर्यीकरण हेतु 8.46 लाख रूपये की धनराशि जारी की गयी है। इन कार्यों को पूरा करने के लिए उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि0 को जिम्मेदारी दी गयी है।

# शौच करने गए बच्चे से मारपीटः पिता को भी मारा, छत से पथराव में 4 लोग घायल; आरोपी फरार

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** खंदौली थाना क्षेत्र के गांव बास बादाम में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। उदयवीर सिंह का 8 वर्षीय बेटा आजाद अपने खेत में शौच कर रहा था। इसी दौरान गांव का युवक राजू वहां पहुंचा और बच्चे को पीटने लगा। बेटे की चीखें सुनकर उदयवीर मौके पर पहुंचे और विरोध किया। इस पर राजू ने उदयवीर के साथ भी मारपीट की। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। राजू पक्ष के लोगों ने छतों से पथराव शुरू कर दिया। इस हमले में अमर सिंह, गंगाराम, भगवान दास और राहुल घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर उपद्रवी फरार हो गए। घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है। इंस्पेक्टर राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, पड़ोसियों ने आरोपी युवक को पकड़ा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** एक 4 साल की बच्ची से पडोस के रहने वाले नितिन ने बच्ची को पांच रुपये का लालच देकर कहीं सुनसान जगह लेजाकर उसके साथ गलत कार्य करने का प्रयास किया। मामला थाना न्यू आगरा का है जहाँ अब्बू लाला दरगाह के पास बस्ती मैं रहने वाले एक परिवार की 4 वर्ष की बच्ची की जान बच गई। बस्ती मैं रहने वाले सलमान की 4 साल की बच्ची अनम घर के बाहर खेल रही थी, माँ बाप अपने काम पर गए हुए थे तभी मोके का फायदा उठा कर पड़ोस मैं रहने वाला नितिन बच्ची के साथ खेलते खेलते उसे 5 रूपते का लालच देकर कहीं सुनसान जगह ले गया और बच्ची के कपडे उतर दिए कि तभी अचानक कुछ आस पास के लोगो को शक हुआ। पड़ोसियों ने मोके पर पहुँच कर जिससे पहले नितिन बच्ची को अपना शिकार बनता कि नितिन को पकड़ लिया। पड़ोसी नितिन को पकड़ कर थाना न्यू आगरा ले आए और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं थाना प्रभारी न्यू आगरा का कहना है कि परिवारी जनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्यवाही की जा रही है।

**शाशक्त पीली सेना की अध्यक्ष शबाना खंडेलवाल पहुंची बच्ची के घर**

पूरे मामले पर शबाना खंडेलवाल का कहना है कि हमारी सरकार बेटियों की रक्ष बेटियों की सुरक्षा लिए काम कर रही है फिर भी कहीं न कहीं ऐसे अपराधी अपराध करने से बाज़ नहीं आ रहे हैं ऐसे दरिंदों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए हमारी माँग है कि उस पर संगीन धाराओं में मुक़दमा लगाकर जेल भेजा जाए ताकि उस परिवार को न्याय मिल सके मैं कल उस बच्ची के परिवार वालों से उनके मिलने जाऊँगी और उन लोगो की भी हौसलाअफजाई हमें करनी है जिन लोगो ने इस घृणात्मक अपराध से उस बच्ची को मुक्त कराया।

# अनंगपाल तोमर बने प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बाह के अध्यक्ष

### अनंगपाल तोमर अध्यक्ष, हेमंत कुमार ब्लॉक मंत्री, चेतना चौहान बनी कोषाध्यक्ष

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** विकास खंड बाह की प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई का चुनाव बीआरसी बाह परिसर में संपन्न हुआ। अनंगपाल तोमर अध्यक्ष, हेमंत कुमार ब्लॉक मंत्री, चेतना चौहान कोषाध्यक्ष के नाम पर सहमति बनी। अंत में सर्वसम्मति से चुनाव पर्यवेक्षक डॉ जगपाल चौधरी , चुनाव अधिकारी मांगीलाल गुर्जर और सह चुनाव अधिकारी भोला सिंह यादव ने सभी को निर्वाचित घोषित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कबीर सिंह भदौरिया और संचालन विनोद सांवरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक चौधरी सुरजीत सिंह, बृजेश शुक्ला सह संयोजक , परमवीर सिंह ,विजयपाल नरवार, बलवीर सिंह, दिगम्बर सिंह, आलोक दुबे, रतन सिंह, रामप्रकाश , सुरेन्द्र बघेल, राजेश शर्मा, राकेश सक्सैना, प्रवेश, हरेंद्र सोलंकी, सत्यप्रकाश मौर्या, पूनम गुप्ता, शोभा राठौड़, सीमा तोमर, शत्रुघन राठौड़, प्रदीप तोमर, योगेश, अजीत सिकरवार, अतुल, नरेन्द्र, आनंद कमल, हेमंत, संजय, प्रीति गुप्ता, आभा पुरोहित, शिवकुमार शर्मा आदि सैकड़ों गणमान्य शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि अब तक संगठन का जनपद के 13 ब्लाकों में चुनाव सम्पन्न हो चुका हैं।

# फर्जी लैब पर स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी, लैब को किया सीज




**फतेहपुर सीकरी।** कस्बा पुलिस पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी की कार्यवाही के दौरान एक फर्जी लैब को सीज किया गया है बताया गया है कि लेब में कुछ सरकारी उपकरण भी बरामद किए गए हैं । स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी जितेंद्र लवानिया ने टीम के साथ कस्बा के संतोष नगर में संचालित फर्जी लेब पर छापा मारा जहां बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं पाई गई साथी ही बड़ी संख्या में सरकारी सप्लाई की जांच किट समेतअन्य सामान भी बरामद हुआ है। जांच टीम को लैब संचालक गुमराह करता रहा इसके बाद विभागीय टीम द्वारा आवश्यक प्रपत्र दिखाने की कहा तो है प्रपत्र नहीं दिखा सका, टीम ने लैब को सीज किया है । बता दें कि लैब संचालक वर्तमान में टिकरी के स्वास्थ्य केंद्र पर लेब टेक्नीशियन के पद पर तैनात है उक्त प्रकरण में केंद्र अधीक्षक ने बताया कि आगे की विधि करवाई जांच के बाद की जा रही है।

# फतेहपुर सीकरी की ग्राम पंचायत सीकरी चार हिस्सा में अंबेडकर मार्ग पर लगे बाबा साहेब के होर्डिंग्स को सिर फिरे ने फाड़ा



**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम पंचायत सीकरी चार हिस्सा नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अंबेडकर पार्क है अंबेडकर पार्क के बराबर से ही गांव में जाने का मुख मार्ग है जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा गेट बनाया हुआ था। लोहे के फ्रेम पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मार्ग के नाम से होर्डिंग लगा हुआ था जिसको बीती रात्रि किसी सिरफिरे ने सौहार्द बिगड़ने की नीयत से फाड़ दिया। जिसकी शिकायत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अनेक अनुयायियों द्वारा थाना फतेहपुर सीकरी पहुंचकर लिखित शिकायती पत्र दिया।ग्राम पंचायत सीकरी चार हिस्सा में बड़े स्वास्थ्य के साथ 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाई गई,तथा शांतिपूर्वक सभी धर्म जाति के लोगों ने मिलकर शोभा यात्रा निकाली। 16 अप्रैल 2025 की रात्रि में मुख्य मार्ग पर लगे होर्डिंग को फाड़ दिया तथा झंडा को भी हटा दिया गया है। इस पर काफी युवक और लोगों में रोष व्याप्त है जिसकी शिकायत थाना फतेहपुर सीकरी धर्मेंद्र दहिया को दी गई है , युवकों ने बताया बीती रात्रि को गांव के ही एक युवक द्वारा मोबाइल पर होर्डिंग सेठानी का दबाव भी बनाया था।पुलिस ने आश्वस्त किया है पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ताओं की प्रतिनिधि मंडल में राजकुमार भारतीय सत्यपाल, गंगाराम,मनोज, अचल सिंह, चंद्रवीर मिथुन राजपूत, रामप्रसाद, सहित अनेक युवा पहुंचे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं0ः एजीसी/308/2/डी.ए.आर./श्री गौरव खरे दिनांक : 09.04.2025

**गैर-हाजिरी सूचना**

श्री गौरव खरे पुत्र श्री छीतो खरे स्थायी निवासी स्थान एम.ए.पी.-134 सी नार्थ रेलवे कालोनी आगरा कैण्ट आगरा (उत्तर प्रदेश)-282001, जो कि इंजीनियरिंग विभाग में Trackman-IV के पद पर वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (पीवे.) आगरा एरिया के अधीन कार्यरत है। श्री गौरव खरे पुत्र श्री छीतो खरे दिनांक 12.07.2024 से निरंतर रेलवे डियूटी से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति चल रहे है। कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही लम्बित है। इस सम्बन्ध में अपना पक्ष रखने के लिए श्री गौरव खरे पुत्र श्री छीतो खरे इस सूचना की प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अधोहस्क्षारी के कार्यालय में उपस्थित हो अन्यथा एक पक्षीय निर्णय लिया जायेगा।

नामः श्री गौरव खरे पुत्र श्री छीतो खरे

पदः इंजीनियरिंग विभाग में Trackman-IV

निवासीः स्थायी निवासी स्थान एम.ए.पी.-134 सी नार्थ रेलवे कालोनी आगरा कैण्ट आगरा (उत्तर प्रदेश)-282001

सहायक मण्डल इंजीनियर (मुख्यालय) उ0म0रे0, आगरा छावनी

650/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# न्यास के लेखों को अनुरक्षित किये जाने हेतु कोटेशन/प्रस्ताव खनन कार्यालय में 25 अप्रैल तक उपलब्ध करायें

सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला खनिज फाउण्डेशन शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उ0प्र0 शासन की अधिसूचना द्वारा उ0प्र0 जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास नियमावली-2017 प्रख्यापित की गयी है जिसके नियम-18 के अनुसार न्यास के लेखों को अनुरक्षित कराये जाने के साथ-साथ प्रधान मंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना दिशा निर्देशों द्वारा परिकल्पना की गई है कि जिला खनिज फाउण्डेशन (डीएमएफ) के खाते का प्रतिवर्ष डीएमएफ द्वारा नियुक्त चार्टेड एकाउन्टेन्ट या सरकार द्वारा निर्दिष्ट तरीके से आडिट किया जायेगा और आडिट रिपोर्ट के साथ-साथ वार्षिक रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में रखी जायेगी। उन्होने बताया है कि भारत सरकार द्वारा निरन्तर न्यास निधि के लेखों की सम्परीक्षा विषयक अनुश्रवण समय-समय पर किया जा रहा है। न्यास नियमावली-2017 के नियम-18 के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ के न्यास के लेखों को क्रमशः डी0एम0एफ0 पंजिका, बैंक रिकन्सीलिएसन स्टेटमेन्ट, आय-व्यय विवरण पंजिका, कैशबुक, चेक रजिस्टर, बैलेन्सशीट (आर्थिक चिट्ठा), अधिष्ठान सम्बन्धी व्यय विवरण पंजिका के अनुसार अनुरक्षित किया जाना है। उन्होने सर्वसाधारण को सूचित करते हुये कहा है कि न्यास नियमावली-2017 के नियम-18 के अनुसार न्यास के लेखों को अनुरक्षित किये जाने हेतु अपना-अपना कोटेशन/प्रस्ताव खनन कार्यालय में दिनांक 25 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध करा दें जिससे प्राप्त प्रस्तावों पर विचार कर आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

# दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का उठाये लाभ, करें आनलाइन आवेदन

सांध्य पहल संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया है कि दिव्यांगजनों हेतु शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना संचालित की गयी है जिसके अन्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रूपये 15 हजार व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रूपये 20 हजार तथा युवक युवती दोनो के दिव्यांग होने की दशा में रूपये 35 हजार धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होने बताया है कि दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ लेने हेतु आनलाइन आवेदन वेबसाइट https://divyangjan.upsdc.gov.in पर कर सकते है। उन्होने योजना के पात्रता के सम्बन्ध में बताया है कि शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो, युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई भी आयकरदाता न हो, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिये, ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होगें जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो।उन्होने बताया है कि दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु आनलाईन आवेदन कर सकते है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No.: DRM/C/AGRA/Parcel/E-AUCTION दिनांक: 15.04.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक- आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| श्रेणी: पार्सल | केटलॉग संख्या: AGRA-LEASING-38 |
| एसेट्स डिटेल्स: 1. गाड़ी संख्या 12180 में (01) (F1) एसएलआर | |
| ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय: दिनांक:- 26.04.2025, समय:- 11:00 | |
| ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय: दिनांक:- 26.04.2025, समय:- 11:30 | |

नोट:- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट - www.ireps.gov.in के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 656/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# गौतस्करों से मिलीभगत का आरोप लगने के बाद संजय जाट हिन्दू महासभा से पदमुक्त - ललित अग्रवाल

सांध्य पहल संवाददाता





**आगरा/नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट पर गौतस्करों से मिलीभगत का आरोप लगने पर संजय जाट और हिन्दू युवक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया है। दोनों पदाधिकारी अब किसी भी दायित्व पर हिन्दू महासभा का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। यह जानकारी आज जारी बयान में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री ललित अग्रवाल ने दी। ललित अग्रवाल ने आज जारी बयान में बताया कि कुछ समय से संजय जाट के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि उन्होंने गौतस्करों से प्रगाढ़ संबंध है और हिन्दू महासभा की आड में गौतस्करों का सहयोग किया जा रहा है। हिन्दू महासभा ने इन आरोपों की अपने स्तर पर जांच करवाई तो बड़े ही चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए। ललित अग्रवाल ने चौंकाने वाले तथ्यों को उजागर करते हुए कहा कि हिन्दू महासभा को संजय जाट की वार्ता का एक ऑडियो प्राप्त हुआ, जिसमें गौतस्करों से प्राप्त धन में हिस्सेदारी को लेकर संजय जाट बहस करते दृष्टिगत हो रहे हैं। अधिक छानबीन करने पर पुलिस रिकॉर्ड से पता चला कि हिस्सेदारी की ऑडियो रिकॉर्डिंग में संजय जाट जेल जा चुके है और आजकल जमानत पर हैं। ललित अग्रवाल ने कहा कि गौतस्करी और गौहत्या देश के लिए अभिशाप है। गौतस्करों और गौहत्यारों से संपर्क रखने वालों के लिए हिन्दू महासभा में कोई स्थान नहीं है। इस नीति का पालन करते हुए हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट और उनके माध्यम से हिन्दू युवक सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का दायित्व संभालने वाले प्रताप सिंह भदौरिया को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया गया। ललित अग्रवाल ने कहा कि गौहत्यारों और गौतस्करों से संबंध रखने वाले हिन्दू सनातन धर्म के लिए जेहादियों और आतंकवादियों से भी अधिक घातक हैं। ऐसे तत्वों को हिन्दू महासभा के पदों से हटाना सनातन धर्म की रक्षा में आवश्यक हो गया था। ललित अग्रवाल ने बताया कि संजय जाट के माध्यम से आगरा जिला कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारियों को पद विहीन करने हेतु उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा पहले ही आगरा जिला कार्यकारिणी और हिन्दू महासभा से संबद्ध प्रकोष्ठों को भंग कर चुके हैं। हटाए गए पदाधिकारियों द्वारा उनके पदों से कार्य करने की स्थिति में उनके विरुद्ध पुलिस में शिकायत कर उन पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पार्षद मंजू प्रजापति किया वार्ड 83 की बाल्मीकि बस्ती में सड़क निर्माण का शुभारंभ




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी की सबका साथ सबका विकाश सबका विश्वाश की नीतियों को आत्मसात कर वार्ड 83 की निगम पार्षद मंजू प्रजापति ने सेंट जोंस की अखाड़ा बाल्मीकि बस्ती में चल रहे विकाश कार्यो की कड़ी में आज सेन्ट जोन्स की आखाड़ा बाल्मीकि बस्ती में छतिग्रस्त सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। पार्षद मंजू प्रजापति ने पूजन और संजीव पाठक व ललित शर्मा ने नारियल फोड़ कर शुभारम्भ किया। इस दौरान पार्षद पति पूर्व पार्षद एवं केशव मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम शर्मा, वार्ड अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा रवि वर्मा, रामकुमार वर्मा, राहुल वर्मा, शोभित जैटली, प्रदीप पाल, रिषव साहू, राजा बाल्मीकि, गोविंद भाई, अनिल शर्मा, संजय लहरी, अनन्त जैन, हिमांशु प्रजापति, कौशल, शक्ति गौड़, सोनू गोला आदि कार्यकर्ता छेत्रिय लोग व महिलाये मौजूद रहे।

# हथियार तस्कर गिरफ्तारः एसटीएफ को लंबे समय से तलाश थी, ऑर्डर पर करता था सप्लाई

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** एसटीएफ ने एक असलाह तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पिस्टल, चार तमंचे और कई कारतूस बरामद हुए हैं। तस्कर राजस्थान से अवैध हथियारों की तस्करी यूपी में करता था। पुलिस को लंबे समय से इस तस्कर की तलाश थी। कार में बैठकर हथियार बेचने वाले आरोपी को एसटीएफ ने रकाबगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से कार, 9 एमएम बोर की पिस्टल, 4 तमंचे और कारतूस मिले हैं। आरोपी पूर्व में 50 हजार रुपये का इनामी भी रह चुका है। निरीक्षक एसटीएफ हुकुम सिंह ने बताया कि टीम ने प्रतापपुरा के एक होटल की पार्किंग से भरतपुर, राजस्थान के गांव चिकसाना निवासी कृष्णा उर्फ करतार उर्फ कृष्ण अवतार को गिरफ्तार किया है। वह सदर थाना क्षेत्र के रोहता चौराहे के पास स्थित विनायक गार्डन में किराये के मकान में रह रहा था। एसटीएफ ने प्रतापपुरा के एक होटल की पार्किंग से भरतपुर, राजस्थान के गांव चिकसाना के रहने वाले कृष्णा उर्फ करतार उर्फ कृष्ण अवतार को गिरफ्तार किया। जानकारी में पता चला कि कृष्णा सदर क्षेत्र के रोहता चौराहे के पास विनायक गार्डन में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस को कृष्णा के पास से कार, 9 एमए बोर की पिस्टल, 4 तमंचे और कारतूस मिले हैं। कृष्णा पर 50 हजार रुपये का इनाम है।

**हत्या के लिए दिए थे हथियार**

22 जुलाई 2023 को भरतपुर के अमोली टोल प्लाजा के पास पुलिस कस्टडी में कुलदीप जगीना की हत्या करने वाले आरोपियों को कृष्णा ने ही हथियार सप्लाई किए थे। नवंबर 2023 में पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। तब इस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। कृष्णा ने पुलिस को बताया कि वो आर्डर मिलने पर सप्लाई करता था। मेवों से हथियार लेकर आता था। कई महीनों से पहचान छिपाकर किराए के मकान में रह रहा था। पूछताछ में आरोपी ने हथियार खरीदने और बेचने वाले कई लोगों के नाम भी बताएं हैं। वह मथुरा के हाथिया में रहने वाले मेवों से हथियार लेकर आता है। आर्डर मिलने पर सप्लाई करता था।

# दीपक कुमार आगरा के नये पुलिस कमिश्नर होंगे, जे0 रविन्दर गौड़ गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त बने

**जे. रविंद्र गौड़ गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त बनाये गये, अभी तक आगरा में ही डीआजी थे नये पुलिस आयुक्त दीपक कुमार -मथुरा के एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय आगरा के नये डीआईजी, श्लोक कुमार मथुरा के नये एसएसपी बनाये गये**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** शासन ने मंगलवार को 11 आईपीएस सहित आगरा के पुलिस आयुक्त जे रविन्दर गौड का तबादला कर दिया। उन्हें गाजियाबाद का पुलिस आयुक्त बनाया गया है। उनके स्थान पर आगरा रेंज के आईजी दीपक कुमार को पुलिस आयुक्त बनाया गया है। वर्ष 2005 बैच के आईपीएस जे रविन्दर गौड की आगरा में तैनाती जनवरी 2024 में हुई थी। उनके कार्यालय में कई बड़ी घटनाओं का खुलासा हुआ। बोदला में जमीन पर हुए कब्जे के प्रकरण में एक के बाद एक आरोपियों को जेल भेजा गया। नकली दवाओं की बिक्री कराने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। फीडबैक में शिकायत मिलने पर 50 से अधिक पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई। निलंबन से लेकर जोन में बदलाव तक हुए। हाल ही में हुए तहसील में जिल्द बही से दस्तावेज गायब करने के मामले में सख्त कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेजा गया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को शिष्ठाचार का पाठ पढ़ाया। थाने और चौकियों का जीर्णोद्धार कर नया रूप दिया। दीपक कुमार भी वर्ष 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वो पहले से आगरा जोन में आईजी रेंज का पद संभाल रहे थे। शासन ने नए पुलिस आयुक्त के रूप में उनकी तैनाती की है। आगरा के पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गौड़ का तबादला हो गया है। उन्हें गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त के रूप में नई तैनाती मिली है। अब तक आगरा में ही पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद संभाल रहे दीपक कुमार आगरा के नये पुलिस आयुक्त बनाए गये हैं। अपर पुलिस महानिदेशक एटीएस नीलाब्जा चौधरी को अपर पुलिस महानिदेशक सीआईडी बनाया गया है। गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा को पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज बनाया गया है। प्रयागराज के आईजी प्रेम कुमार गौतम को पुलिस महानिरीक्षक एटीएस लखनऊ के पद पर तैनात किया गया है।

मथुरा के एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय को आगरा के डीआईजी पद पर तैनात किये गये हैं। श्लोक कुमार एसएसपी बुलंदशहर से एसएसपी मथुरा, दिनेश कुमार सिंह एसपी बाराबंकी से एसएसपी बुलंदशहर, प्रेम चंद एसपी पुलिस भर्ती बोर्ड से छठवीं वाहिनी पीएसी मेरठ का सेनानायक बनाया गया है। अर्पित विजयवर्गीय एसपी बागपत से एसपी बाराबंकी, सूरज कुमार राय छठवीं वाहिनी पीएसी मेरठ से एसपी बागपत बनाये गये हैं।

# अवैध खनन पर किरावली पुलिस की बड़ी कार्रवाईः मलिकपुर के जंगल में छापा, खनन माफिया फरार

**4 ट्रैक्टर और एक मशीन सहित पांच वाहन जब्त, अवैध खनन की मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत खनन की मशीन जब्त, गांव मलिकपुर के जंगलों में अवैध खनन के अड्डे पर छापेमारी**



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी केवल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मलिकपुर गांव के जंगलों में छापेमारी की। बताया जाता हैं कि बीते दिनों थाना किरावली क्षेत्र में अवैध खनन का प्रकरण प्रकाश में आने के बाद थाना किरावली पुलिस हरकत में आ गई है। लगातार कार्रवाई कर खनन माफियाओं के हौसले पस्त किए जा रहे हैं। बीते दो दिनों के भीतर थाना पुलिस ने कार्रवाई कर इसकी बानगी पेश की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बुधवार को यह कार्रवाई की गई। पुलिस के पहुंचते ही खनन माफिया मौके से भाग निकले। बताया जाता हैं कि खनन की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर थाना किरावली क्षेत्र के गांव मलिकपुर के जंगलों में छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचते ही खनन माफियाओं में खलबली मच गई, जिसके बाद वे मौके से फरार हो गए। पुलिस टीम ने अवैध खनन की मिट्टी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ, एक खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक खनन की ट्रैक्टर मशीन को जब्त कर लिया। जब्त किए गए अवैध खनन के वाहनों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह ने बताया कि जब्त वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी। केवल अनुमति प्राप्त खनन को ही स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि अवैध खनन की किसी भी प्राप्त सूचना पर तत्काल प्रभाव से सज्ञान लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का दिव्यांग जन उठायें लाभ - दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी

**दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु करें ऑनलाइन आवेदन, योजनान्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15 हजार व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20 हजार तथा युवक-युवती दोनों दिव्यांग होने की दशा में रू0 35 हजार की पुरस्कार स्वरूप दम्पत्ति को प्रदान की जायेगी धनराशि।**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्ञान देवी ने अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15 हजार व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20 हजार तथा युवक-युवती दोनों दिव्यांग होने की दशा में रू0 35 हजार की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दम्पत्ति को प्रदान की जाती है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि पात्रता हेतु विवाह के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए तथा ऐसे दिव्यांगजन दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने आगे यह भी अवगत कराया है कि दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो। विवाह पंजीकरण अथवा शादी का कार्ड। युवक एंव युवती का आयु प्रमाण पत्र। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र। राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता। निवास प्रमाण पत्र तथा वर एवं वधु के आधार कार्ड आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने यह भी बताया है कि दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु ऑनलाइन www.divyanjanupsdc.gov.In पर आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आय व जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु का प्रमाण पत्र (जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो) सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र एवं युवक एव युवती के आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त एक प्रति दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, विकास भवन, संजय पैलेस आगेरा में जमा करेंगे ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।

# जेठ ने छोटे भाई और उसकी पत्नी पर किया फायर, वीडियो वायरल : आगरा के खंदौली क्षेत्र का मामला

**प्रोपर्टी को लेकर दोनों भाइयों में चल रहा है विवाद, आरोपी फरार**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** खंदौली क्षेत्र में पैतृक प्रोपर्टी के विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई और उसकी पत्नी पर तमंचे से सीधा फायर कर दिया। पति पत्नी दोनों बाल बाल बच गए। पीड़ित ने इसका वीडियो अपने मोबाइल फोन से बनाया, जोकि वायरल हो गया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है, उसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। मामला 10 अप्रैल शाम 6.30 बजे का है। थाना खंदौली क्षेत्र स्थित पीलीपोखर निवासी पवन ने अपने छोटे भाई विष्णु और उसकी पत्नी बेबी पर तमंचे से फायर किया था। जिससे दोनों बाल बाल बच। सनसनीखेज घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई मौके से फरार हो गया है। तब से अब तक वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है। पुलिस ने उसका आरोपी और उसके परिजनों का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगा दिया है। इसके अलावा मुखबिर के माध्यम से आरोपी का पता लगाया जा रहा है। पीड़ित विष्णु की ओर से थाना खंदौली में जो मुकदमा दर्ज कराया गया है उसके अनुसार, 10 अप्रैल शाम 6.30 बजे जब वह बाइक से अपने घर के दरवाजे पर पहुंचा तो बड़े भाई पवन कुमार ने मुझे पकड़ लिया। मारपीट करने लगा। बचाव के लिए मैं चिल?लाया तो मेरी पत्नी बेबी मेरी आवाज सुनकर बाहर आई और उसने मुझे बचाने की कोशिश की। इसी बीच पवन कुमार ने मेरे सिर में तमंचे की बट से प्रहार कर दिया। इससे मैं लहूलुहान हो गया। मेरा खून बहता देख विष्णु मुझे छोड़कर अपने घर की तरफ भागा। मैंने उसी दौरान उसका वीडियो बनाया। जैसे ही उसकी नजर मेरे मोबाइल फोन पर पड़ी तो उसने मेरे और मेरी पत्नी के ऊपर फायर कर दिया। जिससे हम दोनों बाल बाल बचे।

**भगदड़ मच गई**

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही पवन कुमार ने अपने छोटे भाई विष्णु और उसकी पत्नी बेबी पर फायर किया तो गली में भगदड़ सी मच गई। शाम के समय कुछ लोग गली से गुजर रहे थे, फायर की आवाज सुन वे भाग खड़े हुए। विष्णु की पत्नी बेबी भी चीखती हुई अपने घर की तरफ भागती दिखाई दे रही है।

**आरोपी फरार है**

खंदौली थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित विष्णु की शिकायत पर उसी दिन मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। दोनों के बीच प्रोपर्टी को लेकर विवाद चला आ रहा है।




# रोहता आरोग्य मंदिर पर आयोजित हुआ सामूहिक स्वास्थ शिविरः स्थानीय नागरिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**निःशुल्क दवाओं का वितरण किया**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** बुधवार को रोहता क्षेत्र में सा0 स्वस्थ केन्द्र बरौली अहीर के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर रोहता द्वितीय द्वारिका अपार्टमेंट पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में क्षेत्रीय सासंद पुत्र शूरवीर चाहर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एवं स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में बरौली अहीर की टीम डा0 आशिश विशेरिया, मनोहन, श्री भगवान पाराशर, विमलेश एवं उपकेंद्र रोहता द्वितीय की इंचार्ज रति शर्मा द्वारा क्षेत्रीय लोगों की जांचे एवं उन्हें दवाईयों का भरपूर लाभ दिया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि रहे सांसद पुत्र सूरवीर ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किए गए हैं, जिनमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों पर नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती है। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो सके।

# बिजली विभाग में संविदा कर्मी की करंट से मौत : किरावली में ट्रांसफार्मर की मरम्मत के दौरान हुआ हादसा, 15 लाख मुआवजे का आश्वासन

**एलटी लाइन में दौड़े बैक करंट के कारण हुआ था हादसा एक हफ्ते तक ज़िंदगी और मौत से जूझने के बाद मंगलवार को तोड़ा दम**

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र किरावली पर तैनात सहायक लाइनमैन एक हफ्ते तक अस्पताल में ज़िंदगी और मौत से जूझने के बाद बीते मंगलवार को ज़िंदगी की जंग हार गया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे कस्बा क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। बताया जाता है कि रवि सोलंकी पुत्र विजयपाल सोलंकी विभाग में संविदा पर सहायक लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। बीते 9 अप्रैल दिन बुधवार को तहसील मुख्यालय के सामने एलटी लाइन से संबद्ध ट्रांसफार्मर का एलटी फ्यूज़ सेट करने के दौरान अचानक लाइन में बैक करंट आने से रवि सोलंकी नीचे गिर पड़ा। उसके सिर में चोट आने पर तत्काल प्रभाव से किरावली के निजी अस्पताल में दिखाया गया। सिर की चोट गंभीर अवस्था में होने के कारण उसे तत्काल प्रभाव से आगरा रेफर कर दिया गया। सात दिनों तक उपचाररत रहने के बावजूद चिकित्सक रवि सोलंकी की जान बचाने में नाकाम रहे। मंगलवार सुबह रवि ने दम तोड़ दिया। अस्पताल से ही रवि के शव का पंचनामा भरने के उपरांत पोस्टमार्टम करवाया गया। रवि का शव जैसे ही किरावली आया, विद्युत उपकेंद्र पर उसका शव रखकर परिजनों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर विरोध प्रदर्शन की कोशिश की। थाना पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर वहां से हटवाया।

**थाने पर देर रात तक चलती रही कशमकश**

बताया जाता है। कि विद्युत विभाग की कथित लापरवाही का शिकार हुए रवि के परिजनों को विभाग से आर्थिक मदद दिलवाने हेतु नगर पंचायत किरावली के पूर्व चेयरमैन विनोद अग्रवाल व पूर्व मंडल अध्यक्ष किरावली पवन इन्दौलिया के साथ अन्य लोगों की थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह एवं विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता सुभाष चंद्र और उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा के साथ परिजनों से सामूहिक वार्ता हुई। परिजनों द्वारा विद्युत विभाग के खिलाफ दी गई तहरीर को वापस लेने सहित विभाग द्वारा मृतक आश्रित को 10 लाख की आर्थिक मदद, बीमा भुगतान के रूप में 5 लाख और ईपीएफ देय पेंशन दिए जाने का लिखित आश्वासन दिया गया। थाने पर हुई सहमति के बाद शाम को ग़मगीन माहौल में रवि का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**किरावली में लगातार दूसरी घटना से विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठने लगे सवाल**

बताया जा रहा है कि रवि सोलंकी की मौत के बाद सवाल उठने लगे हैं कि शटडाउन लेने के बाद लाइन में करंट कैसे आ गया। कुछ समय पहले सब्ज़ी मंडी में भी हादसे के दौरान एक विद्युतकर्मी झुलस गया था। इस घटना से विभागीय अधिकारियों ने सबक नहीं लिया। रवि की मौत के बाद कस्बावासियों ने घटना की गहनता से जांच कर कार्रवाई की मांग है।

# किसान कल्याण केन्द्र में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार की अध्यक्षता में क्वार्सी कृषि फार्म परिसर स्थित किसान कल्याण केन्द्र में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में कृषक राम अवतार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा जिले में सरसों का सरकारी कंटा अभी तक संचालित न होने एवं सभी ग्रामों में विद्युत के जर्जर तार जो जमीन पर लटक रहें है उनको तत्काल सही कराए जाने का प्रार्थना पत्र दिया। पूर्व महासचिव भारतीय किसान यूनियन चौधरी नवाव सिंह द्वारा गेहूँ का समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी किए जाने एवं जायद में मक्का की खरीद सरकारी स्तर से 15 मई से आरंभ कराए जाने की मांग की गई। कृषक प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा धनीपुर मण्डी स्थल गेट पर कृभको सेन्टर पर पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने की समस्या की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया। कृषकों द्वारा केसीसी जमा करने के बाद भी तहसील से खतौनी को बंधनमुक्त न किए जाने की शिकायत पर एडीएम ने बताया कि केसीसी जमा करने के उपरान्त बन्धनमुक्त के लिए बैंक द्वारा ऑन-लाइन ही तहसील पोर्टल पर अग्रसारित कर दी जाती है।

# कमिश्नर द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का किया गया निरीक्षण

**अलीगढ़।** मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यो की प्रगति, गुणवत्ता एवं तय समयसीमा में कार्य पूर्ण किए जाने की स्थिति की गहन समीक्षा की। केंद्र सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अलीगढ़वासियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त इनडोर स्टेडियम की सौगात जल्द ही मिल जायेगी। लगभग 6000 वर्गमीटर एरिया में लगभग 50 करोड़ की धनराशि से बनाये जा रहे नौरंगी लाल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ द्वारा निरीक्षण किया गया। र्स्पोट्स कॉपलेक्स में बनाए जा रहे मल्टीपरपज हॉल में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेबिल टेनिस, जूडो एवं बिलियर्ड खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मण्डलायुक्त ने स्वीमिंग पूल निर्माण के संबंध में निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश देते हुए विद्युत संयोजन समेत विभिन्न प्रकार के अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन करने के भी निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने निर्माण एजेंसी से प्रोजेक्ट को पूरा करने में विलंब होने की जानकारी करते हुए निर्माण एजेंसी को सभी शेष बजे कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन के सभी प्रोजेक्ट मार्च 2025 में पूरे किए जाने थे, जिन्हें माह मई मासान्त तक पूर्ण कर लिया जाए। आयुक्त ने निर्माण स्थल पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाई जाए और निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि र्स्पोर्ट्स कॉपलेक्स के निर्माण से अलीगढ़ के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन हो और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं को शामिल किया जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त विनोद कुमार, जेडीसी मंशाराम यादव, संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज गिरि, डीआईओएस डॉ0 सर्वदानन्द, स्मार्ट सिटी परियोजना के मुख्य अभियंता सुरेश चन्द्र समेत अन्य इंजीनियर्स उपस्थित रहे।



## संपादकीय

# घिबली का ट्रेंड

घिबली एप से अपनी तस्वीरों को नया कलेवर देने के लिए लोग पागल हुए जा रहे हैं, बिना यह जाने-समझे कि इसका इस्तेमाल किस कदर खतरनाक है। आजकल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद से अपनी तस्वीरों को स्टूडियो घिबली स्टाइल में बदलने का चलन आम जन को इस कदर अपनी आगोश में लिये हुए है कि इससे होने वाले नुकसान की चिंता किसी को रत्ती भर भी नहीं है। स्वाभाविक रूप से यह गोपनीयता के लिए गंभीर खतरा है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का भी यही मत है कि इसके इस्तेमाल में बेहद सतर्कता और समझदारी की जरूरत है। क्योंकि भले इस तरह के एप और एआई टूल्स सुरक्षित दिखें, मगर इनकी शत्रे और नियम बेहद अस्पष्ट होती हैं। एक बड़ा खतरा निजी तस्वीरों की चोरी और उसके गलत उपयोग का है। कई बार डीपफेक बनाने में कई सेलेब्रिटी की तस्वीरों का उपयोग किया गया है। कई बार तो फोटो या डाटा डार्क वेब को बेचे भी गए हैं। दरअसल, घिबली जापानी एनिमेशन की कला शैली स्टूडियो घिबली का ट्रेंड ओपन एआई के जीपीटी-40 मॉडल है, जिसमें तस्वीरों में महज आपका चेहरा ही नहीं बल्कि आपकी लोकेशन, वक्त और डिवाइस की जानकारी जैसा छिपा हुआ मेटाडाटा भी होता है और ये सभी निजी गोपनीय जानकारी आसानी से दे सकते हैं। हम भारतीयों में भेड़ चाल चलने की बुरी आदत घर कर चुकी है। कोई भी नई तकनीक का इस्तेमाल हम बिना उसके गुण-दोष के आधार पर नहीं करते हैं। साइबर युग में इस तरह की गलती के बेहद खतरनाक अंजाम भुगतने की आशंका बलवती होती है। पहले भी तस्वीरों का डीपफेक की मदद से कितना भद्दा और गंदा मजाक किया गया, यह बताने की जरूरत नहीं है। सरकार इन सब बातों से भिज्ञ है, मगर उसकी तरफ से कोई चेतावनी या निर्देश देने की पहल अब तक नहीं की गई है। होना तो यह चाहिए कि जनता को इसके बारे में सूचना और प्रसारण मंत्रालय को एक जागरूकता कैंपेन चलाना चाहिए। सोशल मीडिया के जरिये सरकारी संस्थाओं को इस तरह के एप्लीकेशन पर बराबर नजर रखने और जनता को लगातार सतर्क रहने की कवायद करते रहना होगा। छोटी सी खुशी के चक्कर में बड़ा और कभी न भूलने वाले कृत्य को लेकर जनता को भी सोचना होगा। सिर्फ भीड़ का हिस्सा बनने से बचने में ही आज के वक्त में भलाई है। यह दौर वाकई बेहद खतरनाक है।

# उत्तराखंड के रामेश्वरम महादेव,जहां श्री राम ने किया था शिव पूजन

(रमाकान्त पन्त-विभूति फीचर्स)



कहा जाता है कि रामेश्वर में सेतु बनाने से पूर्व जब भगवान श्री राम ने शिव लिंग की स्थापना करनी चाही तो उन्होंने श्री हनुमान जी को कैलाश पर्वत पर भेजकर शिवलिंग लाने के लिए कहा शिवलिंग लाने में देरी होने पर श्री राम ने उसी मुहूर्त में बालू से शिवलिंग की स्थापना की। बाद में अपनी नर लीला समाप्त करने से पूर्व स्वर्ग जाने से पहले उन्होंने सरयू,रामगंगा एवं पाताल भुवनेश्वर से निकली गुप्त गंगा के संगम पर शिवलिंग प्रतिष्ठित किया।

यह स्थान सरयू और रामगंगा के मध्य हाट कालिका व जागेश्वर महिमा को पूर्णित करने वाले तीर्थ के रुप में जाना जाता है। इसे भी रामेश्वरम् कहा जाता है और इसकी महिमा भी अनादि व अनन्त है। यह स्थल भगवान श्री राम का पूज्यनीय स्थल होने के साथ-साथ शिव व शक्ति की महिमा का भी बखान करता है। स्कंद पुराण के मानस खण्ड (अध्याय 95) में इस स्थान का बड़ा ही मनोहारी वर्णन मिलता है। इस स्थान की स्तुति के बिना जागेश्वर की स्तुति अधूरी मानी जाती है। देवर्षि नारद ने गंगा पुत्र भीष्म पितामह को इस स्थान की अलौकिक महिमा का ज्ञान कराया। ब्रह्मा की सभा में देवर्षि नारद ने इस दिव्य स्थान की महिमा जानी, जिसका वर्णन उन्होंने भीष्म पितामह को सुनाया। इस क्षेत्र की महिमा जब ब्रह्मा ने ऋषि गौतम को सुनायी तो नारद ऋषि भी नारायण स्वरूप की महिमा को सुनकर धन्य हो उठे। उन्होंने भीष्म पितामह से कहा, %%तुम भी ध्यान पूर्वक रामेश्वर की महिमा का श्रवण करो। गौतम ऋषि के द्वारा विनयपूर्वक प्रश्न पूछे जाने पर ब्रह्मा जी ने स्वयं बताया कि सरयू व रामगंगा के मध्य परम पावन निर्मल क्षेत्र रामेश्वर है। यहां पर शिव व शक्ति सहित भगवान श्री राम का वास है। काशी विश्वनाथ के पूजन से सौ गुना पुण्य रामेश्वर के पूजन से मिलता है। वैद्यनाथ व सेतुबंध की अपेक्षा रामेश्वर के पूजन से सौ गुना फल प्राप्त होता है। सरयू-रामगंगा में स्नान के पश्चात जो प्राणी अपनी श्रद्धा रूपी आराधना के श्रद्धा पुष्प श्री रामेश्वर के चरणों में अर्पित करता है वह व्यक्ति समस्त शैल वन सरोवरों और नदियों सहित समस्त तीर्थ स्नान के फल को प्राप्त करता है। उसे प्रयाग और कुरूक्षेत्र जैसे महान तीर्थों के दर्शन का फल भी प्राप्त होता है। कहा जाता है कि दशरथ के पुत्र अवतार पुरुष भगवान श्री रामचन्द्र ने सत्यलोक जाने की इच्छा से यहां पर शंकर का पूजन किया। शिव कृपा से उन्होंने सशरीर बैकुण्ठ धाम को प्रस्थान किया। उन्होंने यहां पर जगत कल्याण के लिए शिवलिंग स्थापित किया। गौतम ऋषि के मन की जिज्ञासा को शांत को करते हुए ब्रह्मा जी ने उन्हें हिमालय आने का कारण बताते हुए कहा, राम का स्मरण करने से ही सब तर जाते हैं। फिर भी मर्यादा पुरुषोत्तम ने मर्यादा व कर्तव्य की महानता को प्रकट करते हुए पूर्वजों का पुण्य स्मरण कर सरयू रामगंगा के मध्य इस पुनीत क्षेत्र की ओर अपने पग बढ़ाये और यहीं पर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर सशरीर बैकुण्ठ धाम को प्रस्थान किया। तभी से इस संसार में भगवान शंकर रामेश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुए। रामेश्वर का पूजन करने पर जहां असंख्य कुलों का उद्धार होता है वहीं बिना दान, तप, यज्ञ के सहज ही मुक्ति की प्राप्ति होती है। यहीं पर पूजन-अर्चन के पश्चात राजा वेदसह को भी मुक्ति मिली है। राजा वेदसह कौन थे और किस वंश में उत्पन्न हुए, इसका भी बड़ा रोचक वर्णन मिलता है। मानस खण्ड में ब्रह्मा जी ने गौतम ऋषि को बताया कि उज्जयिनी में नहुष के वंश में मोक्ष प्राप्त करने का इच्छुक वेदसह नाम का राजा हुआ। वह प्रारंभ में आखेट प्रेमी,पर स्त्री गामी व ब्राह्मणों को सताने वाला महापापी राजा था। उसके अनैतिक कर्मों से कुपित होकर एक ब्राह्मण दम्पत्ति ने उसे श्राप दे दिया। राजा ने उसका भी वध कर डाला। फलस्वरूप उसका राज्य नष्ट हो गया और शत्रुओं ने उसके पुत्र और पत्नी को मार डाला और वह भयभीत होकर दुर्गम वनों की गुफाओं में रहने लगा। वहां भी ब्राह्मण के श्राप से वह दर-दर की ठोकरें खाने लगा। पश्चाताप की अग्नि भी उसे पल-पल जलाने लगी, जिससे उसका मन धीरे-धीरे निर्मल होने लगा और उसके हृदय में भगवान शिव के प्रति भक्ति जागृत होने लगी। उसने अनेक तीर्थों में भ्रमण किया किन्तु उसे शांति की प्राप्ति नहीं हुई, देवयोग की प्रेरणा से वह हिमालय की ओर चल पड़ा। पर्वतों की कंदराओं में उसकी भेंट एक तपस्वी ब्राह्मण से हुई। उसने ब्राह्मण को अपनी सम्पूर्ण व्यथा बताई तथा अपने किये गये दुष्कर्मों के तारण का उपाय पूछा। राजा के निवेदन करने पर तपस्वी ब्राह्मण ने %रामेश्वर% की उत्पत्ति का उसे वर्णन सुनाया तथा शिव की शरणागत लेने को कहा। उक्त ब्राह्मण के बताये मार्ग पर चलकर वह रामेश्वर पहुंचकर भगवान श्री राम का पूजन करने लगा।

## शब्द सामर्थ्य -020


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 019 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू- दोकू क्र.020

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |


**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.019 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# वक्फ कानून की आड़ में तुष्टिकरण को हवा दे रहीं हैं ममता बनर्जी



डॉ. केशव पाण्डेय

पश्चिम बंगाल की वामपंथी सरकार के खिलाफ मां, मिट्टी और मानुष के नारे के साथ सत्ता में आई ममता सरकार अपनी कथनी के उलट कार्य कर रही है। जिस मां, मिट्टी और मानुष के लिए ममता बनर्जी ने लड़ाई छेड़ी थी, उनके शासन में अब उसी मां-बहन की अस्मत तार-तार हो रही है। मिट्टी रक्तरंजित हो रही है और मानुष पलायन को मजबूर है। पिछले सप्ताह वक्फ संशोधन कानून के विरोध के नाम पर पश्चिम बंगाल में हिंसा, आगजनी व पथराव की घटना से राज्य में फिर हालात बेकाबू हो गए हैं। दक्षिण चौबीस परगना, पूर्व वर्धमान और मुर्शिदाबाद जैसे कुछ जिलों में लगातार हिंसा और आगजनी जारी है। हालात की गंभीरता को समझते हुए मुर्शिदाबाद में कलकत्ता उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा। न्यायालय के आदेश पर मुर्शिदाबाद में सीमा सुरक्षा बल की तैनाती करनी पड़ी तब कहीं जाकर हालत काबू में आई। लेकिन, 11 अप्रैल की हिंसा के बाद मुर्शिदाबाद के जाफराबाद और धूलियान कस्बों में स्थानीय लोगों में जिस तरह की दहशत फैली, उससे एक बार फिर लोगों के मन में हिंसा के पुराने घाव उभर आए। जिसकी परिणति ये हुई कि जाफराबाद और धूलियान कस्बों से बड़ी संख्या में हिन्दू घरबार छोड़कर पलायन कर गए हैं। और तो और लोगों को जब सिर छुपाने की जगह नहीं मिली तो गंगा पार करके मुर्शिदाबाद के चार सौ से ज्यादा हिन्दुओं ने मालदा में शरण ली है। इन हिन्दू परिवारों को सरकार ने मालदा के सरकारी स्कूल में ठहराया है लेकिन इन दंगा पीड़ितों को न तो स्कूल से निकलने की अनुमति दी जा रही है, और न ही किसी को अंदर जाने दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुर्शिदाबाद की हिंसा में 11 अप्रैल को दो लोगों की मौत हो गई थी। दंगाइयों की भीड़ ने पिता पुत्र को मार डाला। इसके बाद हिन्दुओं की दुकानों, घरों और मकानों पर पथराव किया। फिर घरों को आग लगाने की कोशिश की, दुकानों को लूट लिया, फिर आग लगा दी। इससे मुर्शिदाबाद के हिन्दू बुरी तरह डरे हुए हैं। बंगाल के जिन इलाकों में आगजनी, तोडफोड़ की घटनाएं हुई, वहां मुसलमान ज्यादा संख्या में रहते हैं। वहां हिंदुओं को डराया धमकाया जा रहा है। अगर हिंदुओं के इलाके में पानी की टंकी में जहर मिलाने का डर सताएगा, महिलाओं के साथ बदसलूकी का खौफ होगा, तो लोग घर छोड़कर भागने के लिए मजबूर हो जाएंगे। दंगा करने वाले, डराने वाले ये मानकर चलते हैं कि राज्य की पुलिस उन्हें कुछ नहीं कहेगी। वो ये भी जानते हैं कि पुलिस जो कुछ करेगी, वो सिर्फ दिखावे के लिए कार्रवाई करती है। और ऐसी बातों को बल मिलता है जब तृणमूल कांग्रेस के नेता कहते हैं हिंसा, बांग्लादेश से आए लोगों ने की और इसके लिए सीमा सुरक्षा बल जिम्मेदार है। ममता बनर्जी जब ये कहती हैं कि वो वक्फ के कानून को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं होने देंगी, तो ऐसे लोगों की हिम्मत बढ़ती है। ममता के लिए बंगाल के 30 प्रतिशत मुस्लिम एक बड़ा वोट बैंक है। क्या इसी मुस्लिम वोट बैंक की खातिर वे मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रहीं हैं? क्योंकि मुर्शिदाबाद में जिस तरह लोग पलायन कर रहे हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि राज्य में हिन्दुओं के हित साधने की बजाए ममता बनर्जी को मुस्लिमों की परवाह ज्यादा है।

# राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन शुभ रहने वाला है। शिक्षकों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला हैं। आपको जल्द ही बड़ी सफलता मिलने वाली है। अगर आप अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, तो आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर मिल सकता है। सिविल सेवा करने वाले लोग आज कुछ नया करेंगे। आज आपका पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। यदि आप व्यापार करते हैं तो आपका व्यापार बढ़ेगा साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होगी।

**वृषभ** — आज आपके लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपको नौकरी में तरक्की के साथ-साथ आपकी इनकम में इंक्रीमेंट होने के योग हैं। आपका पारिवारिक जीवन अत्यंत सुखद रहने वाला है। आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए तत्पर रहेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में सुंदर तालमेल बना रहेगा। संतान की तरफ से आपको किसी प्रकार की खुशखबरी मिलेगी। आपके घर किसी जरूरी काम से दूर के किसी रिश्तेदार के आने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** — आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के कई मौके मिलेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलेंगे। पैसों के लेन-देन में थोड़ा सतर्क रहें। आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। समाज में आप दोनों की सुंदर छवि बनेगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं।

**कर्क** — आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। बिजनेस से संबंधित यात्रा करनी पड़ेगी। आज आप कुछ अनुभवी लोगों से मिलेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छे फायदे देखने को मिलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में अनुकूल परिणाम देखने को मिलेंगे। अचानक शुभ समाचार मिलने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**सिंह** — आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। कार्यस्थल पर समझदारी पूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे। आपके कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस दौरान कार्यस्थल पर बाहर का खाना खाने से बचें। आप अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं।

**कन्या** — आज आपका दिन खास रहने वाला है। किसी पुरानी जमीन जायदाद से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको सरकारी क्षेत्र में अच्छी नौकरी मिलेगी। आप और आपका परिवार बहुत खुश होगा। आपकी आमदनी अच्छी रहेगी। आप अपने परिवारवालों को किसी बड़े रेस्टोरेंट में ट्रीट देंगे। लवमेट के लिए बेहतरीन समय है। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। आज आपको फिजूल खर्च से बचना चाहिए। छात्र कंप्यूटर कोर्स ज्वॉइन करेंगे जो भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा।

**तुला** — आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। आज आपका, आपके मनपसंद जगह पर ट्रांसफर होगा। आज उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना है। आप जीवनसाथी के साथ छोटी-छोटी बातों में नोकझोंक करने से बचें। इससे आपके रिश्ते सुधरेंगे।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस से जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते को और मजबूत बनने के लिए जीवनसाथी को उपहार देंगे। इस दौरान आप नेगेटिव विचारों से बचें, तभी जीवनसाथी की बातों को समझ पाएंगे। आपके रिश्ते में परिस्थितियां बेहतर होंगी। आज आप बिजनेस मीटिंग अटेंड करने जा सकते हैं।

**धनु** — आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से संबंधी आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। आगे चलकर आपको नये सुनहरे अवसर मिलने की संभावना बढ़ेगी। आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे। जिससे आपकी सेहत फिट एण्ड फाइन रहेगी। अगर आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर** — आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होंगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी?। मास कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा। आप किसी क्राफ्ट एग्जीबिशन में मित्रों के साथ जा सकते हैं। आप अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखेंगे। किसी भी बात के लिए तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। जीवनसाथी के साथ तालमेल अच्छा बना रहेगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। नौकरी ढूंढ रहे युवाओं को अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। प्रापर्टी डीलर का काम करने वालों के कामकाज बेहतर रहेंगे। मास्टर डिग्री ले रहे हैं तो आपको कैंपस सलेक्शन में अच्छी नौकरी मिल सकती हैं। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। नौकरी कर रहे युवाओं को उच्च अधिकारियों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आपको अचानक कहीं से धन लाभ होगा।

**मीन** — आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर मिलेगा। जिससे आपका भविष्य सुरक्षित होगा। आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपके काम करने के तरीकों में बदलाव आएगा। आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप इस दौरान छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा होने से बचें। परिवार संग हंसी-मजाक के साथ दिन बिताएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी।

## म.प्र. के सिंगोली में जैन संतों पर हमला

# संतो के प्रति दुर्व्यवहार की घटनाएं चिंताजनक

(संदीप सृजन-विनायक फीचर्स)



हाल ही में मध्य प्रदेश के नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र में हुई एक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। 13 अप्रैल 2025 की रात को कछाला गांव के हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम कर रहे तीन जैन संतों शैलेश मुनि, बलभद्र मुनि और मुनिन्द्र मुनि पर कुछ असामाजिक तत्वों ने लूट की नीयत से हमला किया। इस घटना में संतों के साथ लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मारपीट की गई, जिसके परिणामस्वरूप वे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना न केवल जैन समाज के लिए, बल्कि समूचे भारतीय समाज के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना का पूरे देश में विरोध हो रहा है। पुलिस अधिकारियों ने विरोध को बढ़ता देख तत्परता दिखाई और अपराधियों को गिरफ्तार भी कर लिया। लेकिन समाज में संतो के प्रति जो दुर्व्यवहार की घटनाएँ हो रही है वे चिंतन का विषय है।

**घटना का विवरण**

सिंगोली से नीमच की ओर विहार कर रहे तीन जैन संत रविवार की रात कछाला गांव के हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए रुके थे। रात करीब 10-30 बजे, छह बदमाशों ने, जो कथित तौर पर शराब के नशे में थे, मंदिर में घुसकर संतों से पैसे की मांग की। जब संतों ने पैसे देने से इनकार किया, तो इन असामाजिक तत्वों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में संतों के कपड़े फाड़ दिए गए और उनके सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। एक संत ने हिम्मत दिखाते हुए मंदिर से बाहर निकलकर एक राहगीर से मदद मांगी, जिसके बाद जैन समाज के लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने दो हमलावरों को पकड़ लिया, जबकि चार भागने में सफल रहे। बाद में पुलिस ने सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ये आरोपी पड़ोसी राज्य राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निवासी हैं।

**जैन समाज का विरोध**

इस घटना के बाद जैन समाज में भारी आक्रोश फैल गया। 14-15 अप्रैल 2025 को सिंगोली नगर सहित पूरे मध्यप्रदेश में जैन समाज ने विरोध स्वरूप बंद का आह्वान किया। सर्वसमाज के समर्थन से मौन जुलूस निकाला गया, जिसमें लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी नाराजगी व्यक्त की। जैन समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और भविष्य में संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस घटना ने जैन समाज को एकजुट कर दिया और उन्होंने सरकार से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।



**शासन-प्रशासन की प्रतिक्रिया**

घटना की गंभीरता को देखते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, ÷जैन मुनियों के साथ अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।÷ नीमच के कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने रात में ही सिंगोली पहुंचकर घायल संतों का हालचाल जाना और जैन समाज को आश्वासन दिया कि न्याय होगा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया।

**सामाजिक और धार्मिक प्रभाव**

जैन धर्म शांति, संयम और अहिंसा का प्रतीक है। संतों पर हमला न केवल एक आपराधिक कृत्य है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और धार्मिक मूल्यों पर भी प्रहार है। इस घटना ने समाज में यह बहस छेड़ दी कि क्या धार्मिक व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय किए जा रहे हैं? जैन संत, जो पैदल विहार करते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम के लिए मंदिरों पर निर्भर रहते हैं, उनकी सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बन गया है।

**भविष्य में सुरक्षा के उपाय**

इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि संतों और धार्मिक व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने में मदद मिल सके हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों और धार्मिक स्थानों के प्रबंधकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्हें संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करने का प्रशिक्षण दिया जाए। ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए। सिंगोली जैसी घटना से पता चलता है कि अपराधी अक्सर सुनसान इलाकों को निशाना बनाते हैं। जैन संतों के लिए विहार मार्गों पर सुरक्षित विश्राम स्थलों की व्यवस्था की जानी चाहिए। इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा कर्मी तैनात किए जा सकते हैं।

धार्मिक व्यक्तियों पर हमले को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखकर इसके लिए सख्त सजा का प्रावधान करना चाहिए। इससे अपराधियों में भय पैदा होगा। स्थानीय समुदाय को संतों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार बनाया जाए। कछाला गांव में लोगों ने त्वरित प्रतिक्रिया दी, जिससे दो हमलावर पकड़े गए। ऐसे सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए। संतों को आपात स्थिति में मदद के लिए मोबाइल फोन या जीपीएस ट्रैकर जैसी सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं, जो उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप हों।

समाज में धार्मिक सहिष्णुता और संतों के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। सिंगोली में जैन संतों पर हुआ हमला एक दुखद और शर्मनाक घटना है, जिसने समाज के सामने कई सवाल खड़े किए हैं।

जैन समाज का शांतिपूर्ण विरोध और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई इस घटना के प्रति गंभीरता को दर्शाती है। हालांकि, यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने धार्मिक मूल्यों और संतों की सुरक्षा के प्रति पर्याप्त संवेदनशील हैं? भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार, प्रशासन और समाज को मिलकर काम करना होगा। संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी है। यह समय है कि हम सब एकजुट होकर यह संकल्प लें कि शांति और अहिंसा के प्रतीक संतों के साथ ऐसी बर्बरता दोबारा न हो।

# आईजी ने सतना जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा की

## आईएसओ अवार्ड प्रदान कर अधिकारियों का किया सम्मान



**रीवा,कासं.।** रीवा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने सतना जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में उन्होंने अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण और जनसेवा की स्थिति की गहन समीक्षा की।

इस दौरान आईजी ने सतना पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय को उत्कृष्ट कार्यों के लिए आईएसओ अवार्ड प्रदान किया। यह सम्मान पारदर्शिता, कार्यकुशलता और नागरिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। बैठक के बाद आईजी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

उन्होंने पुलिसकर्मियों से अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जनहित में समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी शिवेश सिंह बघेल, विक्रम सिंह कुशवाहा,सीएसपी महेन्द्र सिंह सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# थल सेना अध्यक्ष ने उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात





**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने आज भोपाल स्थित निज निवास पर विंध्य क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश के गौरव, भारतीय थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी जी एवं उनकी धर्मपत्नी का सपरिवार स्वागत एवं अभिनंदन किया। जनरल द्विवेदी विंध्य की माटी के वह अनमोल रत्न है जो आज अपनी सेवाएं माँ भारती की सीमाओं की रक्षा करने वाली भारतीय थल सेना के अध्यक्ष के रूप में दे रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

# मार्च माह और 50 दिन से अधिक की शिकायतें 20 अप्रैल तक निराकृत करें : कलेक्टर

## समाधान आनलाइन के आवेदनों का दो दिवस में निराकरण करें : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में मार्च माह में दर्ज आवेदन तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदन 20 अप्रैल तक निराकृत करें। अधिकारी स्वयं प्रकरणों का अध्ययन कर उनमें तथ्यपरक प्रतिवेदन दर्ज कराएं। कोई भी आवेदन यदि बिना अटेण्ड किए लेबल-2 में गया तो लेबल-1 अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी सीएम हेल्पलाइन प्रकरण दो दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत करें। तहसीलदार राजस्व विभाग के सीमांकन, बंटवारा, नक्शा तरमीम तथा खसरे में सुधार के सीएम हेल्पलाइन प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें। प्रकरणों के संबंध में पटवारियों से प्रतिवेदन प्राप्त करके उनका निराकरण कराएं। प्राकृतिक आपदा के लंबित प्रकरण तीन दिवस में निराकृत करें। प्राकृतिक आपदा में राहत राशि से संबंधित प्रकरण 30 दिन में निराकृत न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि पीएचई विभाग, ऊर्जा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, ट्राईबल विभाग तथा नगरीय निकायों में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका तत्परता से निराकरण कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई हैण्डपंप तथा नलजल योजना की सभी शिकायतें तीन दिवस में निराकृत करें। अधीक्षण यंत्री ऊर्जा बिजली की आपूर्ति और बिजली बिलों से संबंधित प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। कार्यपालन यंत्री पीडब्लयूडी सहायक संचालक पिछड़ावर्ग तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा भी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 2500 से अधिक किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। सभी खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन शुरू कराएं। एसडीएम तथा तहसीलदार खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम खाद्य सुरक्षा योजना के आवंटित खाद्यान्न का सात दिवस में शत-प्रतिशत उठाव करके उचित मूल्य दुकानों में भण्डारण कराएं। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत ई केवाईसी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि ई आफिस व्यवस्था में जो विभाग ऑनबोर्ड हो गए हैं वे ऑनलाइन माध्यमों से फाइलें प्रस्तुत करें । जो विभाग अभी भी ई ऑफिस व्यवस्था लागू नहीं कर पाए हैं वे सात दिवस में अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड हो जाएं। अप्रैल माह के बाद सभी फाइलें केवल ई आफिस पोर्टल के माध्यम से ही संचालित होंगी। कलेक्ट्रेट के प्रभारी अधिकारी विभागों तथा कार्यालयों को भेजे जाने वाले सभी पत्रों को भी ई ऑफिस से भेजने की व्यवस्था करें। नरवाई जलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है।

# जल संरक्षण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी करें : कलेक्टर

## जल गंगा संवर्धन अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण के कार्य बड़े पैमाने पर लिए गए हैं। इसकी कार्ययोजना में शामिल खेत तालाब निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण, कुओं तथा हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति 20 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से जारी कर दें। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा इसका व्यक्तिगत रूचि लेकर मानीटरिंग करें। जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्रामीण विकास विभाग के साथ अन्य विभागों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन स्तर से तय कार्ययोजना के अनुसार जल संरक्षण के कार्य कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करें। इसके लिए रैली, संगोष्ठी, दीवार लेखन तथा अन्य उपायों का उपयोग करें। इस अभियान में सामाजिक संगठनों और आमजनता की भागीदारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत मनरेगा के 1208 अधूरे कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से अब तक पूर्ण 89 कार्यों का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कराएं। सभी अधूरे कार्य 20 मई तक पूरे कराकर इनका पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करें। खेत तालाब निर्माण के लिए चिन्हित 393 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी करें। महाप्रबंधक उद्योग तथा क्षेत्रीय संचालक औद्योगिक विकास निगम औद्योगिक इकाईयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने तथा दूषित पानी को साफ करने की संरचनाएं अनिवार्य रूप से बनवाएं। उप संचालक कृषि आत्मा परियोजना एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों के साथ किसानों के बीच जाकर उन्हें कम पानी में ली जाने वाली फसलों की जानकारी दें। स्प्रिंकलर के उपयोग तथा जल संरक्षण के अन्य उपायों के प्रति किसानों को जागरूक करें। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों की पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराएं। स्कूलों में जल संरक्षण का संदेश देने के लिए निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कराएं। सभी सीएमओ नगरीय निकायों में जल स्रोतों की साफ-सफाई, हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने तथा मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान शासन की उच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। इसमें शामिल सभी विभाग जल संरक्षण की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहें। प्रत्येक दिन के कार्य की जानकारी व्हाट्सएप ग्रुप पर अच्छे फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध कराएं। जनसम्पर्क अधिकारी जल संरक्षण की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन अभियान के तहत नहरों की साफ-सफाई और सुधार का कार्य प्राथमिकता से कराएं। वन मण्डलाधिकारी जल गंगा अभियान के दौरान वन क्षेत्र के जल स्रोतों की साफ-सफाई, स्टापडैम, चेकडैम तथा अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कराएं। वृक्षारोपण की भी पूरी तैयारी कर लें। आयुक्त नगर निगम शहर के प्रमुख तालाबों तथा बीहर एवं बिछिया नदी में साफ-सफाई का कार्य कराएं। साथ ही माई भारत पोर्टल में जल दूतों का पंजीयन भी कराएं। जन अभियान परिषद तथा ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े समूह ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। एसडीएम अभियान के तहत सभी नहरों, अमृत सरोवरों तथा अन्य तालाबों को खसरे में दर्ज कराएं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### गूड न्यूज : अब चलती ट्रेन में भी यात्री निकाल सकेंगे पैसे, रेलवे ने शुरू की एटीएम सुविधा

**नई दिल्ली ,ए.।** अक्सर लंबी दूरी की यात्रा के दौरान नकदी की कमी महसूस होती है। यात्रियों की इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने एक अनूठी पहल की है। अब ट्रेन में सफर करने वाले यात्री भी आसानी से झरूसे पैसे निकाल सकेंगे। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए चलती ट्रेन में झरूसेवा शुरू करने की तैयारी कर ली है और फिलहाल इसका ट्रायल किया जा रहा है। रेलवे ने इस सुविधा को प्रायोगिक तौर पर नांदेड़ से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तक चलने वाली पंचवटी एक्सप्रेस में शुरू किया है। इस ट्रेन में एक एटीएम मशीन लगाई गई है, जिससे यात्री अपनी यात्रा के दौरान ही नकदी निकाल सकेंगे। यह नई सुविधा उन यात्रियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद साबित होगी जो ऑनलाइन भुगतान के बजाय नकद में लेनदेन करते हैं। साथ ही, उन लोगों को भी राहत मिलेगी जिन्हें ट्रेन में ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा न होने या नकदी खत्म हो जाने के कारण असुविधा होती थी। अब उन्हें जरूरत पड़ने पर तुरंत पैसे निकालने के लिए स्टेशन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रेलवे अधिकारी इस ट्रायल के दौरान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि चलती ट्रेन में झरूमशीन सुचारू रूप से काम करे। नेटवर्क कनेक्टिविटी, सुरक्षा, गोपनीयता, यात्रियों की सुविधा और अन्य आवश्यक पहलुओं पर बारीकी से ध्यान दिया जा रहा है। यदि यह परीक्षण सफल होता है, तो रेलवे भविष्य में अन्य ट्रेनों में भी झरूलगाने की योजना बना सकता है। यह सुविधा लंबी दूरी की यात्रा करने वाले और अधिक नकदी साथ लेकर चलने से बचने वाले यात्रियों के लिए भी काफी उपयोगी सिद्ध होगी। ट्रेनों में अक्सर जेबकतरों और चोरी का खतरा बना रहता है, ऐसे में ऑनबोर्ड झरूकी सुविधा से यात्री अपनी यात्रा को अधिक सुरक्षित और आरामदायक बना सकेंगे।

### अमेरिका से तनातनी बढ़ी : चीन ने बोइंग विमानों की डिलीवरी रोकी, एयरलाइनों को नए विमान न खरीदने के निर्देश

**नई दिल्ली ,ए.।** अमेरिका और चीन के बीच गहराते व्यापारिक तनाव का असर अब विमानन उद्योग पर भी दिखने लगा है। चीन ने अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी लेने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसके साथ ही, चीनी सरकार ने अपनी सभी एयरलाइनों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे अब बोइंग से न तो कोई नया विमान खरीदें और न ही अमेरिका से विमानों से जुड़े उपकरण या कलपुर्जे मंगाएं। यह कड़ा कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी आयातों पर 145 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाने के फैसले के बाद उठाया गया है। इस टैरिफ वॉर के जवाब में चीन ने भी अमेरिकी उत्पादों पर 125 प्रतिशत तक का जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इन नए शुल्कों के कारण अमेरिका से आने वाले विमानों और उनके पार्ट्स की लागत चीन में दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है, जिससे चीनी एयरलाइनों के लिए बोइंग विमान खरीदना और संचालित करना आर्थिक रूप से अव्यवहारिक हो गया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन अब उन एयरलाइनों की मदद करने के तरीके तलाश रहा है जिन्होंने पहले से बोइंग विमान लीज पर ले रखे हैं और अब बढ़ी हुई लागत का सामना कर रही हैं। चीन का यह फैसला बोइंग के लिए एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि चीन दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक है। अनुमान है कि अगले 20 वर्षों में वैश्विक विमानों की कुल मांग का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले चीन से आएगा। साल 2018 में बोइंग ने जितने विमान बेचे थे, उनमें से करीब एक-चौथाई (25त्न) चीन को ही डिलीवर किए गए थे।

# चहल की फिरकी में फंसा केकेआर, पंजाब ने 111 रन डिफेंड करके रचा इतिहास



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब ने आईपीएल इतिहास में अब तक के सबसे कम स्कोर का बचाव करके इतिहास रच दिया है. मुल्लांपुर में खेले गए आईपीएल 2025 के 31 वें मैच में पंजाब ने पहले 15.3 ओवर में 111 रन बनाए और फिर केकेआर को 15.1 ओवर में 95 रन पर ढेर कर दिया. पंजाब की जीत में अहम भुमिका निभाने वाले चहल ने 4 ओवर में 28 रन देकर 4 विकेट झटके, जिसकी वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया.

111 रनो का बचाव करने के लिए पंजाब के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की, युजवेंद्र चहल के अलावा तेज गेंदबाज मार्को जानसन ने तीन विकेट चटकाए और बाकी गेंदबाजों ने एक एक विकेट हासिल किए, जिसकी वजह से पंजाब आईपीएल के इतिहास में सबसे कम स्कोर का बचाव करने में कामयाब रहा.

112 रनों का पीछा करते हुए, कोलकाता ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज सुनील नरेन (5) और क्विंटन डी कॉक (2) को जल्दी-जल्दी खो दिया. उसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने सतर्क रुख अपनाया और पावरप्ले के अंत में टीम को 55/2 पर पहुंचा दिया. दोनों ने 60 रनों की साझेदारी की और केकेआर मैच जीतने की राह पर डाल दिया.

हालांकि, युजवेंद्र चहल ने आठवें ओवर में रहाणे (17) का विकेट लेकर पंजाब को खेल में वापस ला दिया. चहल ने अपने अगले ओवर में रघुवंशी को पवेलियन भेजा. उन्होंने पांच चौकों और एक छक्के सहित 37 रन बनाए. केकेआर के मध्यक्रम का प्रदर्शन बहुत खराब रहा, क्योंकि वेंकटेश अय्यर (7), रिंकू सिंह (2) और रमनदीप सिंह (0) ने स्पिनरों पर मूर्खतापूर्ण शॉट खेलकर आउट हो गए. हर्षित राणा और वैभव अरोड़ा भी दबाव का सामना करने में विफल रहे और सस्ते में अपने विकेट गंवा दिए. अंत में, आंद्रे रसेल ने अपने जवाबी स्ट्रोक प्ले से कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन मार्को जेनसन ने उनके 17 रन के स्कोर पर बोल्ड कर दिया।

# 11 करोड़ अब होंगे वसूल, एलएसजी की टीम से जुड़ा 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाला गेंदबाज



**लखनऊ,एजेंसी।** दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मयंक यादव की लखनऊ सुपर जायंट्स (आईपीएल) में वापसी की खबर क्रिकेट प्रशंसकों के लिए उत्साहजनक हैं. मयंक, जो अपनी रफ्तार भरी गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं, चोट के कारण कुछ समय तक बाहर थे. अब उनकी वापसी से आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन कर रही आईपीएल की टीम की गेंदबाजी इकाई को मजबूती मिलने की उम्मीद है. लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट से रिकवरी हो गई है. एलएसजी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है. मयंक यादव आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद चोटिल हो गए थे. उन्होंने उस सीजन में केवल 4 मैच खेले, जिसमें 12.14 की औसत और 6.98 की इकोनॉमी रेट से 7 विकेट लिए. उनकी सबसे तेज गेंद 156.7 किमी/घंटा थी, जो उस सीजन में किसी भारतीय गेंदबाज की सबसे तेज गेंद थी. ताजा जानकारी के अनुसार, मयंक चोट से पूरी तरह से उबर गए हैं और बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है. वह 15 अप्रैल को आईपीएल के साथ जुड़ चुके हैं. मयंक की वापसी की संभावना 14 अप्रैल 2025 को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में थी लेकिन वह टीम से नहीं जुड़ पाए.

एलएसजी को अपना अगला मुकाबला 19 अप्रैल को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है. इस मैच से मयंक यादव के वापसी की उम्मीद जताई जा रही है. हालांकि, उनकी भागीदारी की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

मयंक को आईपीएल 2025 के लिए आईपीएल ने 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया है, जो उनकी अहमियत को दर्शाता है. वह स्थायी रूप से टीम का हिस्सा हैं, और उनकी जगह किसी और को शामिल नहीं किया गया है. आईपीएल मयंक के करियर को दीर्घकालिक रूप से मजबूत करने के लिए सावधानी बरत रहा है. टीम के मेंटर जहीर खान ने पुष्टि की है कि मयंक की फिटनेस और प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए नेशनल क्रिकेट एकेडमी के साथ मिलकर काम किया गया है. मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने मयंक की फिटनेस पर संतोष जताया है।

# ओलंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## -भारतीय भारोत्तोलन महासंघ एथलीट आयोग की बनी अध्यक्ष



**नई दिल्ली,एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक खेलों की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू को भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया है. चानू ने कहा कि, वह इस भूमिका को साथी भारोत्तोलकों की आवाज को बुलंद करने के अवसर के रूप में देखते हैं. टोक्यो पदक विजेता मीराबाई ने एक विज्ञप्ति में कहा, मैं भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के एथलीट आयोग के अध्यक्ष के रूप में मुझे चुनने के लिए अपना बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूं. साथी भारोत्तोलकों की आवाज का प्रतिनिधित्व करने और उसे बुलंद करने का अवसर मेरे लिए बहुत गर्व की बात है. उन्होंने आगे कहा, मैं इस भूमिका के साथ आने वाली जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेने की प्रतिज्ञा करती हूं. मैं सभी प्रमुख चैनलों पर एथलीटों की आवाज और दृष्टिकोण को फैलाने की दिशा में काम करूंगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम बाहरी कारकों से विचलित हुए बिना खेल पर ध्यान केंद्रित करना जारी रख सकें.

30 वर्षीय मीराबाई ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय भारोत्तोलक हैं. वह टोक्यो 2020 में कुल 210 किलोग्राम वजन उठाकर पोडियम पर दूसरे स्थान पर रहीं. हालांकि, वह पेरिस खेलों में पदक जीतने से चूक गई और इसका कारण उन्होंने मासिक धर्म के दौरान होने वाली कमजोरी को बताया है.

मीराबाई ने 2018 और 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं. उन्होंने 2017 की विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और 2022 में रजत पदक भी जीता है. उन्होंने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण और एक रजत भी जीता है. उनकी ट्रॉफी कैबिनेट से गायब एकमात्र पदक एशियाई खेलों का पदक है।

# सौरभ चौधरी ने शूटिंग वर्ल्ड कप में रचा इतिहास, 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता ब्रॉन्ज मेडल

**पेरू, एजेंसी।** पूर्व एशियाई खेलों और युवा ओलंपिक चैंपियन सौरभ चौधरी ने पेरू के लीमा में लास पालमास शूटिंग रेंज में वर्ष के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण के पहले दिन 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी झोली में एक और विश्व कप पदक जोड़ लिया. चीन के हू काई ने 246.4 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता, जो विश्व रिकॉर्ड से सिर्फ 0.1 कम था, जबकि ब्राजील के ओलंपिक पदक विजेता फेलिप अल्मेडा वू ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि सौरभ को 219.1 के साथ ब्रॉन्ज मेडल से संतुष्ट होने पड़ा. इससे पहले, दो भारतीय, सौरभ और वरुण तोमर ने शीर्ष-8 फाइनल में जगह बनाई थी, जिसमें सौरभ ने क्वालीफिकेशन में 578 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान, जबकि वरुण ने 576 के साथ 8वां स्थान हासिल किया था. दोनों भारतीयों ने फाइनल में भी शानदार शुरुआत की, जिसमें सौरभ दूसरे और वरुण तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दूसरे चीनी झी यू ने शुरुआती पांच शॉट के बाद बढ़त हासिल की. हालांकि, इसके बाद भारतीय जोड़ी को 10-रिंग तक पहुंचने में मुश्किल हुई, क्योंकि पहले दो सिंगल्स शॉट के बाद हू आगे निकल गए. तोमर ने अपने 14वें शॉट के लिए 10.9 का स्कोर किया, जिससे वह सातवें स्थान पर पहुंच गए. सौरभ ने भी अपने 14वें शॉट के लिए 10.7 का स्कोर बनाया।

# सांसद का रिश्तेदार बताकर महिलाओं से नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों हड़पे

## सिलाई मशीन दिलाने का भी किया था वायदा
## महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को दिया ज्ञापन

### कोतवाली में पवन शर्मा के खिलाफ दर्ज करायी गयी एफआईआर



**ललितपुर।** झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद को अपना रिश्तेदार बताते हुये सिलाई मशीनें दिलाने और नौकरी लगवाने के नाम पर महिलाओं से लाखों रुपये लेकर हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है, जबकि इस प्रकरण में सांसद कार्यालय से स्पष्टीकरण भी सोशल मीडिया पर जारी किया गया है।

मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम रजवारा निवासी दीप्ति राजे पत्नी यशवंत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह स्वयं सहायता समूह की सचिव है। इस समूह में मानसिंह कुशवाहा, सुहानी राय, सीमा कुशवाहा, पूजा कुशवाहा आदि सदस्य कार्य करते हैं। बताया कि विगत 6-7 माह पहले नाराहट कस्बा निवासी पवन शर्मा पुत्र अशोक शर्मा उनके गांव पहुंचा और स्वयं को बड़ा पावरफुल बताते हुये कहा कि वह उसे व अन्य महिलाओं को सिलाई मशीन दिलायेगा, जिसके एवज में एक हजार रुपये प्रति महिला की मांग की। इसके अलावा एक विज्ञप्ति दिखाते हुये कहा कि अमरपुर मण्डी के पास मेडीकल कॉलेज में कुछ कर्मचारियों की भर्ती निकली है, इसमें भी वह भर्ती कराते हुये ज्वाईनिंग लैटर दिलवा देगा। इसके बदले में रुपयों की मांग की गयी और नौकरी न लगने पर रुपये वापस करने की बात कही। बताया कि पवन शर्मा ने गुडासे व समूह की अन्य महिलाओं से मशीन दिलाने के नाम पर 12 हजार रुपये व नौकरी लगवाने के नाम पर 3 लाख 25 हजार कुल 3 लाख 37 हजार रुपये ले लिये। किन्तु अभी तक न तो महिलाओं को सिलाई मशीन दिलायी गयी और न ही किसी महिला की नौकरी लगी और न ही कोई लैटर मिला। 26 मार्च को उक्त पवन शर्मा से जब रुपये वापस मांगे तो उसने रुपये हड़पने की बात कहते हुये शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पवन शर्मा पुत्र अशोक शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

**शिकायती पत्र में सांसद का नाम, एफआईआर में गायब**

पवन शर्मा के खिलाफ शिकायत लेकर रजवारा गांव की महिलायें लामबंद होकर सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां उन्होंने डीएम को ज्ञापन भेजा। डीएम को भेजे गये ज्ञापन में महिलाओं ने पवन शर्मा द्वारा स्वयं को झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद को अपना रिश्तेदार बताते हुये महिलाओं को सिलाई मशीन व नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया। वहीं मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को देने पर एफआईआर तो दर्ज की गयी, लेकिन एफआईआर से सांसद का पद व नाम दोनों हटाये गये हैं।

**संसदीय कार्यालय से सोशल मीडिया पर जारी हुआ स्पष्टीकरण**

प्रकरण की सूचना आनन-फानन में झांसी निवासरत सांसद तक जा पहुंची। इसके बाद संसदीय कार्यालय से सोशल मीडिया पर एक सूचना जारी करते हुये इस प्रकरण में स्पष्टीकरण दिया गया है।

इस स्पष्टीकरण पत्र में लिखा गया है कि कई पत्रकारों एवं अन्य व्यक्तियों के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि कोई व्यक्ति स्वयं को सांसद का रिश्तेदार बताकर विभिन्न अवैध कार्यों के लिए लोगों से पैसों की वसूली कर रहा है। स्पष्ट किया जाता है कि सांसद एवं उनके परिवार का उक्त व्यक्ति से न तो कोई संबंध है, न पहले कभी रहा है, और न ही सांसद ऐसे किसी व्यक्ति को कोई संरक्षण प्रदान करते हैं। इस प्रकार के असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित एवं कठोर कार्रवाई करने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूर्णतः स्वतंत्र हैं।

# संगीतमय रामायण कथा के साथ हुआ विधिवत समापन



**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में चल रहे कार्यक्रम में सर्वप्रथम संगीतमय रामायण कथा का समापन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रथम दिन बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती वंदना हनुमानजी का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष राजेश दुबे व कोषाध्यक्ष अमित तिवारी द्वारा किया गया।

स्थानीय विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, नशा मुक्ति नाटक, योग डांस, कीर्ति श्रीवास्तव द्वारा राजस्थानी सॉग नृत्य, तबला वादन अक्षय तिवारी, रोक डांस एकेडमी शिवराज यादव गजानंद ग्रुप डांस, प्रशांति विद्या मंदिर द्वारा डांडिया, गजानना, दिव्यांशी गौतम द्वारा श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी महाराजा अग्रसेन स्कूल द्वारा मणीकानिका नाटक, रोकड़ानस एकेडमी रामजी का परचम लहराके, माई तेरी चुनरी, झा डांस एकेडमी ग्रुप सांग, भारत सेवा मंडल मलखम की सुंदर प्रस्तुति दी।

इस दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर बच्चों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक पटैरिया, अजय सोनी अज्जू, अनिल पटैरिया, अंकित सोनी, दीपक अग्रवाल, विकास सोनी, राजू राजा, आयोजन समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, प्रबंधक हरविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संयोजक पं.जगदीश पाठक, धर्मेंद्र चौबे, शिवकुमार शर्मा, मुन्नालाल त्यागी आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजधानी एक्सप्रेस से महिला का बैग लेकर भागा चोर

**ललितपुर।** महानगर झांसी के थाना नवाबाद अंतर्गत मोहल्ला मंडिया निवासी हिना खान पत्नी इमरान खान ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 25 मार्च को वह नई दिल्ली से झांसी के लिए ट्रेन नं. 22168 सिंगरौली यू राजधानी एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थी। रात करीब 1.50 से 2 बजे के मध्य आगरा कैन्ट रेलवे स्टेशन से एक किमी पहले अज्ञात चोर ने उसका बैग, जिसमें 36 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन एकदम से छीन लिया और चलती ट्रेन से कूद कर भाग गया। मामले की सूचना उसने जीआरपी थाना झांसी में सुबह 5.30 बजे दी। जीआरपी पुलिस ने हिना खान की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शौच क्रिया से लौट रही युवती से छेड़छाड़

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली के एक गांव में रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 15 अप्रैल को शाम करीब 7.30 बजे वह शौच क्रिया करके वापस आ रही थी। तभी गांव के देवेन्द्र यादव पुत्र मजबूत सिंह जो कि सरकारी पानी की टंकी पर काम करता है ने मोटर साइकिल रोकते हुये उसका हाथ पकड़ लिया। आरोप है कि देवेन्द्र यादव ने उससे मोबाइल नम्बर मांगा, मना करने पर वह छेड़छाड़ करने लगा। इसी बीच वह चिल्लायी तो उसका छोटा भाई व मां मौके पर आ पहुंची, जिन्हें देखकर देवेन्द्र यादव भाग निकला। पुलिस ने युवती की तहरीर पर देवेन्द्र यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 75 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### युवक को दी जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम सिंदवाहा निवासी मुन्नालाल अहिरवार पुत्र अडकू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम करीब 7.30 बजे उसका पुत्र रवि अहिरवार भूसा रखकर खेत से वापस घर आ रहा था। तभी गांव के देशराज अहिरवार पुत्र हरपे, दीपक अहिरवार पुत्र लखन एकराय होकर आये और उसके पुत्र को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### पुत्र समेत दम्पत्ति से मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम नयागांव में रहने वाले रामसहाय पुत्र भोले प्रजापति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते मंगलवार को सुबह करीब 8 बजे उसका पुत्र मनोहर घर के बाहर खड़ा हुआ था। तभी गांव के कलामुद्दीन, गफूर पुत्रगण कंछेदी, शहजाद व एहशान पुत्रगण कलामुद्दीन एकराय होकर आये और उसके पुत्र को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके व उसके पुत्र से मारपीट कर दी। बताया कि शोरगुल सुनकर उसकी पत्नी भी बीच-बचाव करने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मंदिर जा रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत रहने वाले सोनू गुप्ता पुत्र सुरेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह तालाब स्थित मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। तभी गांव के अर्जुन पुत्र देवसिंह यादव, वरूण यादव पुत्र मनोज, इन्दल यादव पुत्र रामबगस व यदवेन्द्र पुत्र वीर सिंह यादव ने एकराय होकर उसे गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने आये रिषी पुत्र जयदीप व सुयांश पुत्र लाखन सिंह को भी उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### धरना प्रदर्शन आज

**ललितपुर।** आशा महासंघ की जिलाध्यक्ष आशा यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया है कि 17 अप्रैल 2024 को धरना प्रदर्शन और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। बताया कि ज्ञापन के जरिए विगत एक वर्ष का अवशेष धनराशि दिलाये जाने की मांग प्रमुखता से उठायी जायेगी। उन्होंने सभी आशा कार्यकत्रियों व संगिनियों से आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### लेखपाल संघ ने सम्वर्ग में व्याप्त समस्याओं को उठाया

**ललितपुर।** उ.प्र. लेखपाल संघ जनपद शाखा की जिला कार्य समिति की बैठक जिलाध्यक्ष महेन्द्र यादव की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पन्न हुयी। बैठक में पूर्व जारी एजेण्डा के अनुसार कार्यवाही की गयी।

# डीएम कार्यालय परिसर से रिश्वत लेते हुये दबोचा गया पेशगार

## किसान की शिकायत पर एण्टी करप्शन झांसी की टीम ने की कार्यवाही
## जमीन का दाखिल खारिज कराने के नाम पर मांगे गये थे 15 हजार रुपये



**ललितपुर।** जमीन का दाखिल खारिज कराने के एवज में चकबंदी कार्यालय सहायक चकबंदी अधिकारी के पेशगार को एण्टी करप्शन टीम ने 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये डीएम कार्यालय परिसर से रंगे हाथों दबोच लिया। एण्टी करप्शन की झांसी से आयी टीम पकड़े गये पेशगार को लेकर कोतवाली पहुंची, जहां उससे पूछताछ करते हुये उसे विधिक रूप से हिरासत में ले लिया गया।

कोतवाली अंतर्गत ग्राम कल्यानपुरा में रहने वाले किसान अनेक सिंह पुत्र भागीरथ ने बताया कि बीती 8 नवम्बर 2024 को उसने अपने नाम से गाटा संख्या 128 कृषि भूमि क्षेत्रफल 0.405 झरकौन निवासी किशोरा उर्फ किशोर पुत्र चुखरा से क्रय की थी। जमीन खरीदने के बाद उसे दाखिल खारिज कराना था, जिसके एवज में चकबंदी कार्यालय में तैनात बाबू अशोक कुमार सिंह जो कि सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय में पेशगार पद पर कार्यरत है के अधिकार क्षेत्र में रजवारा व अतिम कार्य थे। आरोप है कि पेशगार अशोक कुमार सिंह ने अनेक सिंह के वैधानिक कार्य को करने में गुमराह करते हुये जमीन के दाखिल खारिज करने के एवज में 15 हजार रुपये की मांग की गयी। रिश्वत का रुपये न देते हुये वैध कार्य कराने की नीयत से 16 अप्रैल को एण्टी करप्शन की झांसी टीम को शिकायतकर्ता ने सूचित किया। सूचना के आधार पर एण्टी करप्शन की टीम ने अपना जाल बिछा दिया। अनेक सिंह पेशगार को रुपये देने के लिए कार्यालय पहुंचा, जहां से पेशगार जनपद मेरठ के थाना मेडीकल अंतर्गत प्रवेश बिहार शास्त्रीनगर निवासी अशोक कुमार सिंह पुत्र जीतमल सिंह को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये जिलाधिकारी कार्यालय परिसर से अपराह्न 12.14 बजे हिरासत में ले लिया गया। पेशगार अशोक कुमार सिंह को हिरासत में लेने वाली एण्टी करप्शन झांसी की टीम में नेतृत्व निरीक्षक चतुर सिंह, अनिल कुमार, मो.आरिफ, इरशाद खां, राहुल कुशवाहा, ओमकार सिंह, जितेन्द्र सिंह, शिवम गुप्ता, शिवम कुमार द्विवेदी, शंकर लाल व अजय सिंह शामिल रहे।

# किराना और जनरल स्टोर पर औषधि निरीक्षक की छापेमारी



**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी के दिशा-निर्देश के क्रम में गठित टीम उपजिलाधिकारी मो.नासिर तथा औषधि निरीक्षक विनय मिश्रा द्वारा नगर की विभिन्न जनरल किराना स्टोर का औचक निरीक्षण एवं छापामार कार्रवाई की। यह कार्यवाही केमिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि की उपस्थिति में उनके द्वारा इंगित प्रतिष्ठानों जनरल स्टोर, किराना स्टोर, मॉल आदि पर की गई परंतु उक्त प्रतिष्ठान पर मेडिकेटेड क्रीम तथा औषधि का भंडारण एवं विक्रय होते हुए नहीं पाया गया। औषधि निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रकार की छापामार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी एवं यदि किसी जनरल स्टोर किराना स्टोर पर औषधीय या मेडिकेटेड क्रीम का संग्रह एवं विक्रय होते हुए पाया जाता है तो उनके विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 की धाराओं में कठोरतम कार्यवाही की जाएगीसाथ ही औषधि निरीक्षक ने जनता से अपील की औषधि एवं औषधि युक्त क्रीम वैध लाइसेंस धारी मेडिकल स्टोर से ही खरीदें।

# बैंक खाते की किट लेकर बड़े-बड़े लेनदेन करने का आरोप

## पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच शुरू

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला तालाबपुरा में रहने वाले संजय प्रताप सिंह तोमर पुत्र मुकुन्द सिंह तोमर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके पड़ौस में रहने वाले संतोष कुशवाहा पुत्र मथुरा प्रसाद कुशवाहा उसके पास आया और कहा कि उसे व उसके लोगों को करंट एकाउण्ट की आवश्यकता है। कहा कि आपका ठेकेदारी का करंट एकाउण्ट है और आपको भी पैसों की आवश्यकता है। पीड़ित ने बताया कि उसका पीलिया का इलाज भी चल रहा था, जिसकी जानकारी संतोष को थी और यह बात एक साल पुरानी है।

बताया कि संतोष ने कहा कि इस काम का उसे कमीशन मिलेगा और कोई परेशानी नहीं होगी। संजय प्रताप ने बताया कि वह उसकी बातों में आ गया और उसने अपने बैंक ऑफ इण्डिया, केनरा बैंक के करंट एकाउण्ट का नम्बर संतोष कुशवाहा को दे दिया। संतोष ने उसकी चैक बुक, नेट बैंकिंग का पासवर्ड और एटीएम समेत सभी किट ले ली और उसकी रजिस्टर्ड सिम भी बदलवा कर ले ली।

आरोप लगाया कि उक्त किट इन्दौर निवासी योगेश भाटी, गोलू भाटी को भिजवा दी। कुछ दिन में काम शुरू होते ही कमीशन मिलने की बात कही। चूंकि उसके पास किट नहीं थी, इस कारण उसे खाता की जानकारी नहीं हुयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके खाते का संचालन किया और जब कमीशन मांगा तो उक्त लोगों ने 5 हजार, 10 हजार करके करीब 30 हजार रुपये दिये। लेकिन उसक जानकारी हुयी कि उक्त लोगों द्वारा बड़े स्तर पर कार्य किया गया है। तो उसने खाते की जानकारी मांगी, जो कि उसे नहीं दी गयी। बताया कि 3 सितम्बर 2024 को उसरने शक्ति से अपनी खाते की किट वापस मांगी तो उक्त लोगों ने किट देने से मना कर दिया और कहा कि शिकायत करने पर वह उसे व उसके परिवार को जान से मार देंगे। बताया कि उक्त लोगों ने तिहाड़ जेल में मामले चलने की बात कही। बताया कि उक्त लोगों ने अहमदाबाद व अन्य शहरों में अपना नेटवर्क फैला रखा है। किन्तु समाचार पत्रों में तमाम प्रकार के प्रकरण देखने के बाद उसने हिम्मत नहीं जुटा पायी। पीड़ित ने जानमाल का खतरा बताते हुये पुलिस से उक्त लोगों पर संगठित गिरोह संचालन का आरोप लगाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (2), 351 (3) व आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# ईडी का दुरुपयोग कर रही केन्द्र सरकार : कांग्रेस

## कांग्रेसियों ने किया जोरदार प्रदर्शन



**ललितपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा ईडी का दुरुपयोग कर जबरन सम्पत्तियों को सीज करने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने घण्टाघर पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जनपद के कांग्रेसियों ने केन्द्र की बड़ी आलोचना करते हुये कहा कि नेशनल हेराल्ड सम्पत्ति को अवैधानिक रूप से सीज करना लोकतंत्र की हत्या करने के बराबर है। आज एजेन्सियां केन्द्र सरकार के दबाव में विपक्ष को निशाना बना रही है।

कहा कि इस अघोषित तानाशाही के विरूद्ध कांग्रेसियों द्वारा बहुत बड़ा आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक, रामनरेश दुबे, रफीक, असलम, रीतेश सिंघई, सुशील रजक, दीपक रैकवार, हरदेव राजपूत, पंकज हुण्डैत, पूर्व प्रधान शशिकांत दीक्षित, अभिषेक सिंघई, रवि राजा, दयाशंकर रजक, मोहन सिंह चन्देल, पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, सीताराम राय आदि मौजूद रहे।

# सच्चा सर्जक वही जो 100 किताबें पढ़ने के बाद एक पंक्ति लिखे या पढ़ाये एससीईआरटी में अभिनव शुरूआत

**रायपुर, कासं.।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख अनुशंसा - प्राथमिक शिक्षा में बुनियादी रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश के अनुपालन में राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्,(एससीआरटी) रायपुर की संचालक दिव्या उमेश मिश्रा के दिशाबोध में अभिनव अकादमिक पहल की जा रही है । अब प्रत्येक माह मानव-शिक्षा के प्रमुख अनुशासनों जैसे - समाज, भाषा व साहित्य, कला, संस्कृति, चिंतन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, धर्म, अध्यात्म, दर्शन, मनोविज्ञान, चिकित्सा, खगोलशास्त्र, धातुकर्म विज्ञान, संहिता, सौंदर्य शास्त्र, लोक एवं वाचिक परंपरा, इतिहास एवं पुरातत्व, पर्यावरण एवं जनजातीय समुदाय के पारंपरिक ज्ञान आदि विषयों के राष्ट्रीय स्तर के बौद्धिक विशेषज्ञों के साथ राज्य के प्रशिक्षकों, छात्रा-अध्यापकों के परस्पर संवाद का आयोजन किया जायेगा ताकि वे शिक्षण-प्रशिक्षण कार्य में स्वयं को भी अद्यतन बना सकें ।

इसी कड़ी की शुरूआत करते हुए परिषद में पहला व्याख्यान कल सोमवार को संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय मिथकों के विशेषज्ञ और सुप्रसिद्ध रचनाकार, संस्कृतिविद् व भारत सरकार के प्रसार भारती दूरदर्शन के पूर्व उपमहानिदेशक श्री उद्भ्रांत (रमाकांत शर्मा, दिल्ली) शामिल हुए । उन्होंने राज्य के प्रशिक्षकों, अकादमिकों, और छात्राध्यापकों से निजी जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके साहित्य गुरु हरिबंशराय बच्चन जी ने सिखाया था ङ्क पहले 100 किताबें पढ़ें तब जाकर एक मौलिक पंक्ति लिखें । यह हर शिक्षक और प्रशिक्षक के लिए भी एक मंत्र की तरह सिद्ध हो सकता है- खास कर उन्हें जो विद्यानुशासन जैसे अतिमहत्वपूर्ण और मौलिक सृजनात्मक कार्य से संबंद्ध हैं ।

मुख्य वक्ता श्री उद्भ्रांत ने कहा कि हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा दुनिया की सबसे अनूठी परंपरा है जिसमें धर्म, अध्यात्म, ज्ञान, विज्ञान कला, संस्कृति,जीवन का हर पहलू शामिल है ।

'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात पूरी वसुधा ही हमारी कुटुंब है, इस समग्रता में देखती है । भारतीय ज्ञान सिर्फ सूचना नहीं है बल्कि यह उसे आत्म साक्षात्कार नैतिक उत्थान और विश्व कल्याण की बुनियादी शिक्षा है। यह प्रकृति, ब्रह्मांड, मानव जीवन और नैतिकता के गहरे सवालों से रूबरू कराती है । इसकी जड़ें केवल धर्म और अध्यात्म तक ही नहीं, वरण गणित, खगोल शास्त्र, चिकित्सा, योग, दर्शन, भाषा, साहित्य कला, सौंदर्यशास्त्र जैसे ज्ञान के सभी क्षेत्रों में गहरी धँसी हुई है ।

भारतीय ज्ञान जितना लिखित है उतना ही अलिखित, जो शताब्दियों से सतत् प्रवाहमान है । यह मौखिक परंपरा अर्थात् वाचिक साहित्य और वेदों, उपनिषदों, महाकाव्यों से लेकर आज तक रचे गये सतसाहित्य में सतत् प्रवाहशील है । इसे आधुनिक विज्ञान की तकनीकि और नित-प्रतिदिन अपडेट होते टूल्स जैसे एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) के माध्यम से भी कैसे विकसित किया जा सकता है, यह शिक्षाविदों के लिए विचारणीय है ।

श्री उद्भ्रांत ने अपनी सुप्रसिद्ध और पुरुस्कृत साहित्यिक रचनाओं ङ्क'प्रज्ञावेणु', 'त्रेता', 'स्वयंप्रभा', 'अभिनव पांडव', 'रूद्रावतार', 'श्रीमद भगवतगीता का अनुवाद', 'ब्लैकहोल' आदि के माध्यम से लाखों वर्ष से स्थापित भारतीय ज्ञान परंपरा को और भी स्पष्ट करते हुए, में भारतीय संस्कृति के उदाहरण प्रस्तुत किये । उन्होंने रामायण के महत्त्वपूर्ण पात्र (स्वयंप्रभा) 'सीता की रसोई' में निहित भारतीय संस्कृति को विस्तार से बताया ।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, जुर्म दर्ज

**रायपुर, कासं.।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली निवासी 30 वर्षीय प्रार्थिया ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि आरोपी किशन साव 30 वर्ष प्रार्थिया के परिचित है। दोनों फोन पर लगातार बात करने लग गए इस दौरान दोनों आपस में प्रेम करने लगे। आरोपी ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया। जिससे प्रार्थिया गर्भवती हो गई। जिसके बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### फर्जी दस्तावेज के जरिए लोन, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर, कासं.।** फर्जी दस्तावेज के जरिए लोन लेकर कंपनी को 1 लाख 27 हजार का नुकसान पहुंचाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आयुष्मान सिंह 30 वर्ष स्टेट कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल क्रमांक 90550-00141 के धारक सहित अन्य 4 लोगों ने प्रार्थी की कंपनी इनोटेक ट्रेडिसी प्लेट फार्म प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से पर्सनल लोन के लिए फर्जी पेनकार्ड, बैंक स्टेटमेंट व अलग-अलग मोबाइल नंबर का उपयोग कर 1 लाख 27 हजार ठग लिए। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात आरोपियाकें के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, कासं.।** ग्राम सत्यभामा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित सोने का झुमका पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सतरूपा वर्मा 42 वर्ष ग्राम सत्यभामा की रहने वाली है।

# शिकायत अटेण्ड किए बगैर आगे बढ़ी तो संबंधित अधिकारी का कटेगा वेतन : कलेक्टर श्रीमती चौहान

## सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों की हुई समीक्षा, सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण विभाग के खिलाफ कार्रवाई के लिये भेजा प्रस्ताव



**ग्वालियर।** कोई भी शिकायत अटेण्ड किए बगैर आगे न बढ़े, संतुष्टिपूर्ण निराकरण हो और 50 दिन से अधिक पुरानी शिकायतों का निराकरण समयबद्ध कार्यक्रम के तहत करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर आईं शिकायतों की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई शिकायत एल-1 स्तर पर अटेण्ड नहीं की गई तो संबंधित अधिकारी का सात दिन का वेतन काटा जायेगा। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जनजाति कल्याण विभाग की शिकायतों के निराकरण की स्थिति ठीक न पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण विभाग के खिलाफ कार्रवाई के लिये संभाग आयुक्त को प्रस्ताव भेजा है। साथ ही वेतन रोकने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों की सहायतार्थ संचालित संकटापन्न योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को तत्परता से दिलाया जाए। साथ ही आवास भत्ता का लाभ पात्र विद्यार्थियों को समय-सीमा के भीतर दिलाना सुनिश्चित करें। सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने फसल बीमा संबंधी शिकायत के निराकरण में उदासीनता सामने आने पर भितरवार के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को वेतन काटने का कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिए। साथ ही निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों द्वारा सीएम हैल्पलाइन की शिकायतें समय-सीमा के भीतर अटेण्ड नहीं की जा रही हैं, उनको विधिवत नोटिस जारी करें और सही जवाब न होने पर 7 ङ्क 7 दिवस का वेतन काटें। बैठक में खासतौर पर उन विभागों की सीएम हैल्पलाइन के निराकरण की समीक्षा की गई, जो शिकायतों के निराकरण के लिहाज से निचले ग्रेड पर हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शिकायतों के निराकरण के लिये समय-सीमा निर्धारित की है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ कराया जाए। बुधवार की शाम कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी श्री टी एन सिंह व संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन सहित जिले के एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# बेशकीमती सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई और रास्ता खुलवाया



**ग्वालियर।** नयागाँव क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित लगभग साढ़े तीन बीघा बेशकीमती सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। उच्च न्यायालय द्वारा रास्ता खुलवाने के संबंध में पारित आदेश के पालन में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर बुधवार को राजस्व विभाग की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुँची और मशीनों के सहयोग से सरकारी जमीन से बेजा कब्जे हटवाए। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत लगभग 4 करोड़ रूपए आंकी गई है। इस कार्रवाई से सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त होने के साथ-साथ याचिकाकर्ता के लिये अपनी जमीन तक जाने का रास्ता भी खुल गया है। तहसीलदर घाटीगाँव श्री अनिल कुमार नरवरिया ने बताया कि नयागाँव के सर्वे क्र.-199, 241, 239, 197 व 198 में स्थित सरकारी जमीन से बेजा कब्जा हटाने के लिये विधिवत बेदखली आदेश पारित किया गया। निर्धारित समय-सीमा में जब अनावेदकों द्वारा कब्जे नहीं हटाए गए तब राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को बेदखली की कार्रवाई की गई। श्री नरवरिया ने बताया कि सतेन्द्र तिवारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय की खण्डपीठ ग्वालियर में याचिका लगाई गई थी। जिसमें इस क्षेत्र के निवासी श्री सतेन्द्र तिवारी द्वारा उनकी जमीन की ओर जाने वाले रास्ते को खुलवाने का आग्रह किया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा इस याचिका में दिए गए निर्णय के पालन में राजस्व विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई है, इससे सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त होने के साथ-साथ सतेन्द्र तिवारी के लिये अपनी जमीन तक जाने का रास्ता भी खुल गया है।

# खुशियों की दास्तां 'शक्ति दीदी' बोलीं पैसों के साथ हमें आत्मसम्मान भी मिला है




**ग्वालियर।** ÷शक्ति दीदी÷ के रूप में पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर का काम कर रहीं महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर तो बनी ही हैं, उनका आत्म बल व आत्म सम्मान भी बढ़ गया है। यह कहना है काल्पीब्रिज के समीप स्थित गणेश पेट्रोल पंप पर काम कर रहीं शक्ति दीदी श्रीमती लता राजौरिया का। लता जैसी जिले की 35 जरूरतमंद महिलायें शक्ति दीदी के रूप में ग्वालियर शहर, डबरा व भितरवार स्थित पेट्रोल पंपों पर सफलतापूर्वक फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी निभा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप ग्वालियर जिले में जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने ÷शक्ति दीदी÷ योजना शुरू की है। जिसके तहत ऐसी महिलाओं को शक्ति दीदी बनाकर पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलाई जा रही है जो जरूरतमंद हैं, अपनों द्वारा उपेक्षित हैं अथवा जिनके पति का असमय निधन हो चुका है। शक्ति दीदी के रूप में पेट्रोल पंप पर काम कर रहीं महिलायें कहती हैं कि अब हमें छोटी-मोटी जरूरतों के लिये किसी के आगे हाथ नहीं फैलाने पड़ते। हमें सरकार की लाड़ली बहना योजना व निश्शुल्क राशन वितरण कार्यक्रम का लाभ भी मिल रहा है। इससे हमारे परिवार के दिन अब अच्छे से गुजर रहे हैं। महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में काम करने में कोई कठिनाई न हो, इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा प्रात~ 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक का इनका ड्यूटी टाइम निर्धारित कराया गया है। जिन पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदी काम कर रही हैं उन पर पुलिस द्वारा लगातार गश्त किया जाता है। साथ ही एक वॉट्सएप ग्रुप भी तैयार कराया गया है, जिस पर शक्ति दीदियों के साथ-साथ संबंधित पुलिस थाना, वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी एवं पेट्रोल पंपों के संचालकों के नाम जुड़े हैं। खाद्य विभाग के अधिकारी भी शक्ति दीदियों का हालचाल जानने नियमित रूप से पेट्रोल पंपों पर पहुँचते हैं। जिन पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदी काम कर रही हैं, वहाँ सकारात्मक माहौल बना है। पेट्रोल पंप संचालक कहते हैं कि छोटी-मोटी बातों को लेकर उपभोक्ताओं के साथ आए दिन होने वाला मुँहवाद अब नहीं होता। शक्ति दीदियों को मासिक मानदेय के रूप में 8 हजार रूपए मिलते हैं। साथ ही कुछ पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा तेल की बिक्री पर अतिरिक्त बोनस भी दिया जा रहा है। इससे सभी शक्ति दीदी मन लगाकर काम करती हैं। लता व कुसुमा कहती हैं कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने हम सब लोगों को आर्थिक व मानसिक रूप से सशक्त बना दिया है।

# विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग कर यातायात को किया सुगम



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर शहर की विभिन्न सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत गुडा पुलिया से गुडा चक्की जाने वाली रोड पर, सिंधी धर्मशाला के पीछे बाडा, कंपू थाने के पास, महावीर भवन से टेम्पो स्टेंड तक, फूलबाग चौराहा के पास रेल पटरी वाली रोड, जनकताल पर, बारादरी चौराहा से सिंगपुर रोड एक तरफ, आनंद नगर तिराहा से वीनस पब्लिक स्कूल वाली रोड, गणेश कॉलोनी नयाबाजार, हेलीपेड कॉलोनी, पंतनगर, शकुंतलापुरी दर्पण कॉलोनी, बेटी बचाओ तिराहा, कुअरपुर गांव, बरौआ गांव, एमएच चौराहा के पास, सिंगपुर रोड पर सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर पेच रिपेयरिंग कराई गई।

# ग्वालियर के मर्सी होम को बेहतर बनाने की दिशा में किया जायेगा कार्य

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मर्सी होम का किया अवलोकन



**ग्वालियर।** सामाजिक सरोकार के तहत ग्वालियर के मर्सी होम का कायाकल्प होगा। ग्वालियर में मानसिक रूप से पीड़ित बच्चों के समुचित उपचार और देखभाल के लिये मर्सी होम स्थापित है। ग्वालियर का बहुत ही पुराना मर्सी होम बेहतर स्थिति में हो, इसके लिये सामाजिक सरोकार के तहत जन सहयोग से इसके जीर्णोद्धार का कार्य हाथ में लिया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बुधवार को मर्सी होम का निरीक्षण किया और मर्सी होम के कर्मचारियों से विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मर्सी होम में रह रहे मानसिक रूप से पीड़ित बच्चों की देखभाल, उनके उपचार, खाने-पीने एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार के तहत मर्सी होम की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिये शीघ्र ही जन सहयोग से कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मर्सी होम के भवन की रंगाई-पुताई के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को भी बेहतर करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जायेंगे। इस कार्य के लिये सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी लिया जायेगा।

# बरिष्ठ समाजसेवी को किए श्रद्धा सुमन अर्पित



**झुण्डपुरा।** क्षेत्र के युवा नेता कुंअर पुष्पराज सिंह सिकरवार के दादाजी क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी प्रीतम सिंह सिकरवार संरपच साहब का पिछले दिनों निधन हो गया। सिकरवार जी के सम्मान में श्रद्धाजली सभा रखी गई जिसमें पूर्व विधायक सूबेदार सिंह रजौधा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नेता ,पत्रकार, समाजसेवी, शिक्षकों , डाक्टर,व्यापारियों सहित स्थानीय लोगों सहित आमजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रीतमसिंह सिकरवार साहब जरुरतमंद लोगों की हर संभव हर समय मदद करने के लिए तत्पर रहते थे।वे अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे वे दो दशक तक वरेण्ड पंचायत में संरपच रहे।उनकी श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधि, नेता, पत्रकार, शिक्षक,व्यापारी सहित स्थानीय लोग सम्मिलित हुए तथा उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित किये।वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये है।उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि वे एक संरपच साहब अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे ऐसी शख्सीयत सदियों में एक बार ही जन्म लेती है विद्वान होने के साथ क्षेत्र तथा समाजसेवा में भी सराहनीय योगदान दिया था वे आज हमारे बीच में नहीं है लेकिन विचारों के रूप में वे सदैव हमारे साथ रहेंगे हम सब उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हैं तथा उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करते है।

# कांग्रेस कमेटी ने (ईडी) की दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**मुरैना,कांस।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया है। जिसके विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में पुरानी कलेक्ट्रेट पर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप नेता प्रतिपक्ष मध्य प्रदेश विधानसभा हेमन्त कटारे जी उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा, मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया, जिनके अपने बलिदान हुए, उस गांधी-नेहरू परिवार को केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार बार-बार अपमानित करने का असफल प्रयास कर रही है। 2014 से लगातार यह देखा जा रहा है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी एजेंसियों का मनमाना उपयोग किया जा रहा है! इससे यह स्पष्ट है कि यह एक राजनीतिक हथियार के रूप में एजेंसियों को प्रयोग करने की रणनीति है। देश के भीतर एक खतरनाक प्रवृत्ति लगातार गहराती जा रही है, केंद्र सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग की। विशेष रूप से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई, लोकतंत्र की आत्मा को निरंतर घायल कर रही है! हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया है यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि स्पष्ट रूप से यह केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की संकीर्ण मानसिकता का भी प्रतीक है।

# जिला चिकित्सालय के सर्जीकल वार्ड की ओटी में लगी आग, मची अफरा-तफरी





**मुरैना,कांस।** जिला चिकित्सालय के सर्जीकल वार्ड के ऑपरेशन थियेटर में शार्ट सर्किट से आग लगने से सर्जीकल वार्ड के मरीजो एवं अटेण्डरो तथा स्टाफ में भगदड मच गई हालांकि इस आग पर कुछ समय पर काबू पा लिया गया था। जिला चिकित्सालय के सर्जीकल वार्ड में गत दिवस सांयकाल 6 बजे के आसपास ओटी रूम से चिनगारिया और धूआ उठने से सर्जीकल वार्ड में उपचार ले रहे मरीजो को इस आग की जानकारी मिलते ही उनके अटेण्डरो ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला और चारो ओर भगदड मच गई। घटना की सूचना तत्काल हमारे प्रतिनिधि ने फायर बिग्रेड एवं पुलिस को दी जिस पर से तत्काल दमकल की गाडी घटना स्थल पर पहुँच आग पर काबू पाया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नही है। सभी मरीज, अटेण्डर एवं स्टाफसुरक्षित रहा।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति के तहत सभी स्कूलों का एमडीएम निरीक्षण कर पोर्टल पर अपलोड करें



**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के तहत सीएसी, बीएसी अपने-अपने क्षेत्रों में स्कूलों में चल रहे एमडीएम का अवलोकन करें और उसे पोर्टल पर अपलोड करायें।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि स्कूलों में बच्चों की संख्या 40-45 प्रतिशत है, बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहे, इसके लिये शिक्षा विभाग का मैदानी कर्मचारी स्कूलों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बताया कि जिले में प्राथमिक विद्यालय 1884, माध्यमिक शालायें 551 संचालित है।

जिनमें 1 हजार 26 हजार 363 छात्र-छात्रायें प्राथमिक और 74 हजार 959 छात्र-छात्रायें माध्यमिक विद्यालयों में दर्ज है। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना एवं मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 5 हजार 252 रसोईया कार्यरत है, जिनमें 3 हजार 825 प्राथमिक और 1 हजार 427 माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत है। इसके अलावा 265 शालाओं की संख्या जिनमें शाला प्रबंधन समिति द्वारा मध्यान्ह भोजन संचालित किया जा रहा है।

# वर्तमान माह की सीएम हेल्पलाइन 80 प्रतिशत और 50 दिवस की शिकायतें रविवार तक निराकृत करें - कलेक्टर



**मुरैना,कांस।** सीएम हेल्पलाइन की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, ऐसे लग रहा है कि अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पर ध्यान नहीं दे रहें है। 20 अप्रैल को प्रदेश स्तर से सीएम हेल्पलाइन की रैकिंग जारी होगी, जिसमें मुरैना जिला बॉटम में नहीं आना चाहिये। वर्तमान माह की सीएम हेल्पलाइन 80 प्रतिशत और 50 दिवस की शिकायतें रविवार तक निराकृत करें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने टीएल बैठक में मंगलवार को अधिकारियों को दिये।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, नगर निगम कमिश्नर श्री सत्येन्द्र धाकरे, समस्त जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि पिछले माह रैकिंग में पीएचई विभाग 78 पर और स्वास्थ्य विभाग 74 प्रतिशत तक सीएम हेल्पलाइन का निराकरण कर सका। यह स्थिति ठीक नहीं है, वर्तमान माह की 80 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण अधिकारी करायें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की 394 शिकायतें अभी भी पोर्टल पर दिख रहीं है, इनमें से अधिक से अधिक शिकायतें निराकृत होना चाहिये। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग की 17 शिकायतें पोर्टल पर दिख रहीं है, 80 प्रतिशत तक अधिकारी निराकरण करायें। उन्होंने योजना और कृषि विभाग के अधिकारियों को भी लंबित शिकायतों को निराकरण करने के निर्देश दिये।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने रैली निकालकर ज्ञापन सौपा



**मुरैना,कांस।** दिनांक 16 अप्रैल 2025 को संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के तत्वाधान में जिला मुरैना इकाई द्वारा नई संविदा नीति 2025 के विरोध में सीएमएचओ ऑफिस से नई कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल कर माननीय मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर प्रतिज्ञा शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह,डीपीएम एसपी श्रीवास्तव ,डॉ बृजेश तिवारी,सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दिनेश पचौरी ने बताया कि पूरे प्रदेश में आज एन एच एम के 3200 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर थे ,जिन्होंने अपने अपने जिला मुख्यालय पर ज्ञापन के माध्यम से एन एच एम की दमनकारी ,शोषण और असमानता की नीतियों का रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया है।उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में संविदा कर्मचारी पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करते हैं किंतु मध्य प्रदेश की संवेदनशील सरकार का इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है ,संघ पूछना चाहता कि महंगाई सिर्फ नियमित कर्मचारियों के लिए ही है ,संविदा वालों का कोई परिवार नहीं होता इन्हें किसी प्रकार के भत्ते की आवश्यकता नहीं हैं। क्या आयुष्मान भारत निरामय योजना में इनके परिवार को जोड़ना एक संवेदनशीलता नहीं है। उन्होंने बताया कि नियमितीकरण होने तक नियमित कर्मचारियों के समतुल्य वेतन भत्ते, ग्रेच्युटी,बीमा,एनपीएस, डी ए, इ एल, मेडिकल लीव, जैसी सुविधाएं दी जाए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. JHS-N-W-13-25 दिनांकः 15.04.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्याः JHS-N-W-13-25, कार्य का नामः कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस ऑफ़ मेधा मेक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एट 10 स्टेशनस एस आंतरी, बिरलानगर, बानमोर, सांक, मुरैना, हेतमपुर, शनिचरा, गोहद, सोनी, भिंड ऑफ़ झाँसी डिवीज़न फॉर ए पीरियड ऑफ़ थ्री इयर्स।

कार्य लागत लगभग : ₹ 4,74,47,015.04 | धरोहर राशि : ₹ 3,87,200/-

निविदा प्रपत्र का मूल्य : ₹ Nil | निविदा खुलने की तिथि : 08.05.2025 Time 15:00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 36 माह

• निविदा दिनांक 08.05.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 652/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में आधी आबादी की पूरी भूमिका हो : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## दहेज, मृत्युभोज से बचें, अपने बच्चों को पढ़ायें-लिखायें और समर्थ बनाएं







### मां, बहनों और बेटियों के लिए हमारी सरकार हमेशा उनके साथ

### लाड़ली बहना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को मिली 2.5 हजार करोड़ रुपए से अधिक सहायता राशि की सौगात

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि माताओं, बहनों और बेटियों के हित में हमारी सरकार हमेशा उनके साथ हैं। इनके लिए सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। बहनों को हमारी सरकार उनका हर वाजिब हक दिलायेगी। राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में आधी आबादी की पूरी भूमिका हो, इसे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। देश की राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े, इसके लिए आगामी वर्षों में लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का लाभ मिलेगा। मध्यप्रदेश सरकार पहले ही निकाय चुनावों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंडला जिले के टिकरवारा गांव में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहाँ आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिए 2500 करोड़ से अधिक की सम्मान एवं सहायता राशि अंतरित की। उन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयनित होने के लिए सुश्री शुचि उपाध्याय का मंच से अभिनंदन भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं में हितलाभ और युवाओं को नियुक्ति-पत्र भी वितरित किये।

**मंडला को मिली 232 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश की 1.27 करोड़ बहनों को 1552.38 करोड़ रुपए, 56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना में पात्र 25 लाख बहनों को 450 रुपए में सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 57 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। सरकार द्वारा अब तक लाड़ली बहनों को 36 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक की सम्मान राशि प्रदान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंडला के विकास को गति देने के लिए 232 करोड़ रुपए की लागत वाले 66 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंडला जिले में सुरखी-इंद्री मार्ग पर 16 करोड़ 61 लाख रुपए की लागत से नया पुल बनाने और बंजर नदी में नवनिर्मित एक अन्य पुल का लोकार्पण कर इसका नामकरण अमर शहीद शंकर शाह रघुनाथ शाह सेतु करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला के विकास में सरकार कोई भी कमी नहीं छोड़ेगी।

**परिणय सूत्र में बंधे 1100 नवविवाहित दंपत्तियों को दिया आशीर्वाद**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह में परिणय-सूत्र में बंधे 1100 से अधिक नवविवाहित दंपत्तियों पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज नवविवाहित दंपत्तियों को 49-49 हजार की राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 16 संस्कारों में विवाह सबसे बड़ा होता है। नवदंपत्ति नए संकल्पों के साथ सपनों का संसार बसाने के लिए आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में कमाई का एक हिस्सा बचाएं जिससे भविष्य में अपने साथ बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोगों से विवाह समारोह पर बेहिसाब खर्च से बचने का सुझाव देते हुए कहा कि कन्या विवाह/निकाह योजना के सामूहिक विवाह में शामिल होकर कोई भी कम खर्च में धूमधाम से शादी कर सकता है। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं किसानों को शादियों में टीका, दहेज और मृत्यु भोज के लिए कर्ज न लेने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कुरीतियों से समाज का विकास बाधित होता है। इसके बजाय सभी जनजातीय बंधु अपने बच्चों को पढ़ायें, लिखायें और उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए समर्थ बनायें। उन्होंने कहा कि एक सुसंस्कृत बच्चा ही सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देता है। अपने बच्चों को सामर्थ्यवान बनाना ही राष्ट्र निर्माण है, सच्ची राष्ट्र सेवा है।

## विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन सौपकर निष्पद जांच की मांग की



**मुरैना,कांस।** 12 अप्रैल 2025 की गुना के कर्नल गंज में स्थित मदीना मस्जिद से श्री हनुमान जन्मउत्सव की यात्रा पर योजनापूर्वक हमला, इंटेजेम्स की विफलता, घटना के पीएफआई कनेक्शन की जांच हेतु विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने ज्ञापन सोपा। गुना के कर्नल गज में स्थित मदीना मस्जिद से श्री हनुमान जन्मउत्सव पर जिहादियों की भीड ने योजनापूर्वक हमला किया। इस लोमहर्षक घटना से सभ्य समाज हतपट है और इस घटना की घोर निंदा करता है। यह घटना भविष्य के खतरे की आहट है जिसे सामान्य कार्यवाही कर भुलाया नहीं आ सकता. गुना की कर्नलगंज, जीनघर, हड्डी मील, कैट की मस्जिद जिहादीओं का अड्डा बन रही है.

**विश्व हिन्दू परिषद ने मांग की कि**

यह हमला सुनियोजित था। हमले के दौरान आमजन द्वारा मोबाइल से बनाए गए वीडियो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मस्जिद में पहले से ही लोग जमा थे। इस पटना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल आरोपियों के साथ साथ साजिशकर्ताओं को भी हिरासत में लेकर कठोर कार्यवाही की जाए व जिन जिहादियों के मकानों पर पत्थर व ईटे रखी हुई थी पुलिस के ?द्वारा जांच कराकर इनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। इस घटना से हिन्दू जन मानस आक्रोषित है और जिहादियों के अवैध मकान, व्यवसाय, पर न्याय पूर्ण बुल्डोजर की कार्यवाही की मांग करता है। गुना के इस हमले के आरोपियों के पीएफआई कनेक्शन, सिमी के सम्बन्धों की विस्तृत जांच हो. यह कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाले जिन्होंने जुलूस की पूर्व सूचना होने के बाद भी समय पर उचित प्रबंध नहीं किया उन पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के विरुद्ध भी उचित कार्यवाही की जाये. झूठी एफआईआर की गई है न्याय संगत जांच की जाये।

## एक प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं दो शिक्षकों को किया बहाल

**दतिया।** पदेन अपर संचालक लोक शिक्षण एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल ने वितग दिवस जिला दतिया के बसई के विभिन्न माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं दो प्राथमिक शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने के कारण संबधित को कार्यालयीन आदेशानुसार निलंबित किया गया था।

## सिकल सेल औषधियां विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों की मोबाइल मेडिकल यूनिट में उपलब्ध हो : राज्यपाल श्री पटेल

### राज्यपाल द्वारा वन एवं जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा




**भोपाल ,ब्यूरो।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि पीएम जनमन योजना अंतर्गत दूररस्थ अंचलों के लिए संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट को सराहनीय पहल बताया है। उन्होंने बैगा, भारिया और सहरिया जनजातीय अंचलों में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट में सिकल सेल एनीमिया रोग की दवाईयों सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा है। राज्यपाल श्री पटेल वन एवं जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक का आयोजन जनजातीय प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जवाहर खण्ड राजभवन में किया गया था। राज्यपाल श्री पटेल ने वन अधिकार अधिनियम 2006 क्रियान्वयन कार्य की समीक्षा की। सामुदायिक और व्यक्तिगत वन अधिकारों, वन संसाधन संरक्षण, वन ग्राम के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन के कार्य की प्रगति से भी अवगत हुए। उनके समक्ष जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान योजना अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि पीएम जनमन आवास योजना अंतर्गत बनने वाले मकानों की डिजाइनिंग, आकार के प्रारूप के संबंध में राज्य स्तर से मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। कार्य की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के द्वारा निर्माण कार्य का क्षेत्र निरीक्षण भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजना के हितग्राही को आवास की डिजाइनिंग और आकार में परिवार की जरूरतों, प्रकाश और हवा के समुचित प्रबंध करने के लिए आवश्यक सहयोग दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभियान अवधि के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की समय सीमा में पूर्ति भी सुनिश्चित की जाए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय प्रकोष्ठ द्वारा त्रैमासिक आधार पर विभागीय समीक्षा बैठकें आयोजित की जाए।

## नेहरू-गांधी परिवार ने देश को संपत्ति दी है, ली नहीं : दिग्विजय सिंह



**भोपाल ,ब्यूरो।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर की गई चार्जशीट में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के नाम आने पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह बचाव में सामने आए हैं और कहा है कि गांधी परिवार ने देश को संपत्ति दी है, अपने लिए अर्जित नहीं की। साथ ही उन्होंने राज्य के कार्यकर्ताओं से विरोध दर्ज कराने की अपील की है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जो चार्जशीट दायर की है, उसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित कांग्रेस के कई नेताओं के नाम हैं। इस पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक बयान जारी कर कहा है, देश में नेहरू-गांधी ने 1930 से लेकर आज तक अपनी संपत्ति देश को ही सौंपी है। कभी खुद के लिए कोई स्वार्थ सिद्धि से कोई संपत्ति उन्होंने अपने लिए अर्जित नहीं की है, कोई भ्रष्टाचार का आरोप उन पर आज तक नहीं लगा है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस मिलकर ईडी, आईटी और सीबीआई को एक राजनीतिक हथियार के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं, हम इसकी निंदा करते हैं। नेशनल हेराल्ड के केस में एक पैसा भी नेहरू-गांधी परिवार ने अपने ऊपर खर्च नहीं किया है। एक रुपया भी उन्होंने अपने काम में उपयोग नहीं किया है। शुद्ध रूप से यह प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट का केस बनता ही नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, ईडी, आईटी, सीबीआई कितना ही इसमें जांच कर लें, नेशनल हेराल्ड के केस में किसी भी खाते से पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर आज तक किसी भी नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य ने निजी तौर पर एक रुपया, एक पैसे का भी उपयोग नहीं किया है। इसलिए इस मामले में जो कुछ किया जा रहा है, उसकी हम घोर निंदा करते हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा है कि देश भर के और विशेषकर मध्य प्रदेश के सभी कार्यकर्ता ईडी दफ्तर पर जाकर अपना शांतिपूर्ण प्रदर्शन करें। अगर नहीं पहुंच पा रहे हैं, तो वीडियो को शेयर करें और अपना विरोध दर्ज कराएं।

## अस्थाई कार्य से लंबे समय तक हुआ जीवनयापन, फिर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना से बदल गई जिंदगी

### श्री भोजराज साहू बने फ्लाई ऐश ब्रिक्स के संचालक, अब बेरोजगारों को उपलब्ध करा रहे रोजगार





**रायपुर,कासं.।** छोटे से गांव टेमरी में पले-बढ़े श्री भोजराज साहू ने बचपन से ही आसमान में उड़ते हवाई जहाजों को देखा और महसूस किया कि ऊँचाई पर उड़ने का सपना सिर्फ मशीनों का नहीं, इंसानों का भी हो सकता है।

एक ऐसे परिवार से आने वाले श्री भोजराज के लिए यह सपना देखना जितना आसान था, उसे पूरा करना उतना ही कठिन लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। संघर्ष, मेहनत और सही दिशा में प्रयासों से उन्होंने यह साबित कर दिखाया कि इच्छाशक्ति के आगे कोई भी मुश्किल बड़ी नहीं होती। बचपन से श्री साहू के मन में भी ऊंची उड़ान भरने का सपना पनप रहा था। इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने लंबे समय तक विभिन्न क्षेत्रों में कड़ी मेहनत की और साथ ही अपने लिए एक स्थायी रोजगार की संभावनाएं भी तलाशते रहे। श्री भोजराज की लगन और मेहनत को देखते हुए उन्हीं के गांव में रहने वाले एक शुभचिंतक ने उन्हें फ्लाई ऐश ब्रिक्स का काम शुरू करने की सलाह दी। श्री साहू ने पैसों के अभाव में असमर्थता जताते हुए उनसे कहा कि मेरे पास उतने पैसे नहीं है कि मैं फ्लाई ऐश ब्रिक्स की सेटअप तैयार कर सकूं, इसमें लाखों रूपए लग जाएंगे। इतने में उन्होंने कहा कि आप जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र जाइए, वहां आपको उद्योग स्थापित करने की जानकारी के साथ सहयोग भी मिल जाएगा। श्री भोजराज साहू अपने मित्र की सलाह पर जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र पहुंचे, जहां उन्हें प्रबंधक द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी के साथ पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया गया। श्री साहू बताते है कि बैंक की सारी प्रक्रिया पूरी उन्हें पहली किस्त के रूप में 15.35 लाख रूपए प्राप्त हुए और उन्होंने फ्लाई ऐश ब्रिक्स की फैक्ट्री का संचालन शुरू कर दिया।

## डीएम की अध्यक्षता में एयरफील्ड एनवायरमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न

### जिलाधिकारी ने दिए पर्यावरणीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश




**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में एयरफील्ड एनवायरमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आहूत की गई। बैठक में अलीगढ़ एयरपोर्ट और उसके आसपास के क्षेत्र में पर्यावरणीय सुरक्षा बनाए रखने के लिए विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पक्षियों की उपस्थिति को नियंत्रित करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, खुले में मांस विक्रय पर रोक, जलभराव की समस्या के समाधान और एयरपोर्ट की सतत निगरानी सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर गंभीरता के साथ चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि एयरफील्ड के आसपास की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखते हुए नियमित निरीक्षण किया जाए, ताकि उड़ानों की सुरक्षा में कोई बाधा उत्पन्न न हो। डीएम ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध ढंग से दिशा-निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हवाई क्षेत्र की सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर नगर आयुक्त विनोद कुमार, एडीएम वित्त मीनू राणा, अधिशासी अभियंता लोनिवि संजीव पुष्कर, जिला आपूर्ति अधिकारी अभिनव सिंह, अलीगढ़ एयरपोर्ट अथॉरिटी से एस. एस. अग्रवाल समेत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पुलिस, सिक्योरिटी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महाकवि विद्यापति ने तीन -तीन भाषाओं में अद्वितीय साहित्य सृजन किया -अनुज कुमार झा सचिव नगर विकास




**लखनऊ,ब्यूरो।** मिथिला मंच, लखनऊ के तत्वावधान में मिथिला नववर्ष तथा मिथिला वैभव गाथा पुस्तक विमोचन समारोह उद्यान निदेशालय के सभागार में मुख्य अतिथि श्री अनुज कुमार झा सचिव नगर विकास तथा निदेशक सूडा एवं स्थानीय निकाय, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि पी के ठाकुर ज्वाइंट डायरेक्टर वस्त्र विभाग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में मिथिला गौरव सम्मान से केजीएमयू में चिकित्सा अध्ययन रत युवा को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार तथा संपादक सुरेन्द्र अग्निहोत्री द्वारा संपादित ÷मिथिला गौरव गाथा÷ पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि अनुज कुमार झा,पी के ठाकुर, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, संचालन कर रहे वरिष्ठ कथाकार मुक्ति नाथ झा, मिथिला मंच के अध्यक्ष जितेंद्र झा, शिव शंकर द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुज कुमार झा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गौरव प्राप्त है कि हमारे पूर्वज महाकवि विद्यापति को बंगला भाषी, हिन्दी भाषी और मैथिली भाषी अपना आदि कवि मानते हैं। तीन -तीन भाषाओं में अद्वितीय साहित्य सृजन किया गया है।आज जब लोक भाषा विलुप्त हो रही है तब पूरे कार्यक्रम का संचालन मैथिली में करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।मेथिल समाज की समृद्ध संस्कृति और खानपान को प्रचारित करने की जरूरत है। मैथिली वैभव गाथा पुस्तक निश्चित ही महत्वपूर्ण रहेगी। मंच के अध्यक्ष जितेंद्र झा ने स्वागत भाषण में मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।मेथिली संस्कृति की झलक के रूप में ज्योति झा, सलोनी झा, अयोध्या से आए लव कुश ने राम कथा का गायन किया। कवियों ने शानदार प्रदर्शन किया।अंत में श्री निमेश ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मुक्ति नाथ झा ने किया।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।